धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

14.10.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 93




12 उत्तराखंड में लागू होगा यूसीसी : धामी

## न्यूज डायरी

### आज से खुलेगा झारखंड हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में आज सोमवार से कार्यवाही फिर शुरू हो जायेगी। दुर्गा पूजा के कारण चार अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक उच्च न्यायालय में अवकाश था।

### 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं राहुल गांधी

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी गैर राजनीतिक कार्यक्रम (संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल) में शामिल होने के लिए 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी है।

### झारखंड कैबिनेट की आज आखिरी बैठक

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा अब किसी भी दिन हो सकती है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने आज सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। संभवत: हेमंत सोरेन सरकारी की यह आखिरी कैबिनेट बैठक होगी। इसमें सरकार चुनाव से पहले कई अहम फैसले लेगी। आमतौर पर कैबिनेट की बैठक शाम में होती है लेकिन 14 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक 12 बजे से होगी। यह बैठक पहले इसलिए बुलायी गयी है ताकि यदि चुनाव आयोग दो या तीन बजे चुनाव की तारीखों का ऐलान करे और आचार संहिता लागू हो इसके पहले सरकार कुछ अहम फैसला ले सके।

हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक सबको पक्की छत न मिल जाये

# हर झारखंडी का होगा अपना आवास : सीएम

### भाजपा पर कसा तंज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में हर झारखंडी का अपना आवास होगा। कोई भी झारखंडी बिना मकान के नहीं रहेगा। यह बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट शेयर कर कही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने मंइयां सम्मान योजना को राज्य के हर घर तक पहुंचाया है ठीक, वैसे ही हर झारखंडी परिवार के पास तीन कमरों का पक्का मकान हो, यह झामुमो की सरकार सुनिश्चित करेगी। श्री सोरेन ने कहा कि वे तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक सबके पास पक्की छत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने लिखा कि उनकी सरकार आठ लाख मकान बनवा रही है। साथ ही बाकी के 17 लाख मकानों को बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने भाजपा पर भी तंज कसा और कहा कि दिल्ली से बड़े-बड़े मंत्री लोग झारखंड आकर 300 घर देने को अपनी उपलब्धि बताकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

### X पर किया पोस्ट



### आज नवनियुक्त 498 सीचओ को देंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र देंगे। सरकार के स्तर पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार की ओर से प्रोजेक्ट भवन सभागार धुर्वा में सुबह 11:30 बजे से किया गया है। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अंतर्गत अनुबंध आधारित 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इनकी नियुक्ति राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किया गया है। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत कई नेता शामिल होंगे।

लातेहार के मनिका में कार-बस-टेंपो के बीच भीषण टक्कर

# आलमगीर आलम के सचिव के भाई समेत दो की मौत, दर्जनभर घायल

### भीषण सड़क हादसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**लातेहार।** लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान तीखे मोड़ के पास राष्ट्रीय मार्ग-39 पर रविवार को बस, कार और टेंपो के भीषण टक्कर हो गयी, जिसमें दो लोगों की मौत और दर्जनों लोग घायल हो गए। घटना में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव रहे अजनफर अंसारी उर्फ छोटू के भाई की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति अयान अंसारी की मौत इलाज के क्रम में हो गयी। इस दुर्घटना में कार में सवार चार सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, टेंपो में सवार दर्जनभर लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिनका प्राथमिक इलाज कर रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

अजनफर अंसारी ने बताया कि दो कार में सवार होकर वो लोग पूरा परिवार नेतरहाट घूमने के बाद रांची लौट रहे थे। वहीं टेंपो सवार घायल लोगों ने बताया कि वे सभी टेंपो पर सवार होकर लातेहार जा रहे थे। इसी क्रम में दोमुहान मोड़ के समीप पीछे से आ रही क्रेटा कार टेंपो से आगे निकलने का प्रयास कर रही थी, तभी रांची से आ रही जेपीएस बस तीखा मोड़ होने के कारण अचानक सामने आ गयी जिससे पहले कार और बस में टक्कर हुई और उसके बाद टेंपो को भी उसी कार ने टक्कर मार दी जिससे तीनों वाहन एक साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गए और वाहनों में सवार दर्जनभर लोग घायल हो गए।

## 17 को हरियाणा के सीएम पद की शपथ लेंगे नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 17 अक्टूबर को नायब सिंह सैनी राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। यह शपथ ग्रहण पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित दशहरा मैदान में होगा, जिसमें पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस मौके पर करीब 1 लाख लोगों के मौजूद होने की उम्मीद है। नायाब सिंह सैनी हरियाणा की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं, अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ लेंगे। गौरतलब है कि भाजपा हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है, जिसमें पार्टी के 48 विधायक विधानसभा में मौजूद हैं।

(**विस्तृत खबर पेज 12 पर**)

## गढ़वा में मूर्ति विसर्जन को लेकर पथराव, डीएसपी घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर तनाव हो गया। रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान भारी पथराव भी हुआ, जिसमें रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस भी छोड़े। घटना में कुछ ग्रामीणों के भी घायल होने की सूचना है। ग्रामीणों ने पुलिस के कई वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।



गढ़वा जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। खबर लिखे जाने तक भारी संख्या में ग्रामीण दुर्गा पूजा पंडाल में जमा थे और विवादित मार्ग से प्रतिमा विसर्जन की अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक प्रशासन उन्हें बृजेश्वर साहू के घर से होते हुए तालाब तक जाने की अनुमति नहीं देता, तब तक वे प्रतिमा का विसर्जन नहीं करेंगे।

**विवाद का कारण :** दरअसल मदगड़ी गांव में पिछले कुछ वर्षों से दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर रास्ते का विवाद चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब तक जाने वाला रास्ते में तीन मकान दूसरे समुदाय के लोगों के हैं, जो प्रतिमा विसर्जन के लिए रास्ता देने से इनकार करते हैं। इस वर्ष शांति समिति की बैठक में समझौते के बाद भी एक पक्ष ने बाद में इसे मानने से इनकार कर दिया।



# बुराई पर अच्छाई की जीत की मनी खुशियां

## मोरहाबादी, अरगोड़ा, एचईसी और टाटीसिलवे में हुआ रावण दहन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में शनिवार को रावण दहन कर दशहरा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। शहर के विविध स्थानों पर विधर्मियों के पुतले फूंके गये। बुराई पर अच्छाई की जीत की खुशियां मनायी गयी। मोरहाबादी, अरगोड़ा, एचईसी, टाटीसिलवे सहित अन्य जगहों पर नृत्य-गीत, रामलीला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। पायरो फायर वर्कस के खूबसूरत नजारे के साथ आकाशीय आतिशबाजी का अलग ही आकर्षण रहा। मोरहाबादी और अरगोड़ा मैदान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ सीएम हेमंत सोरेन ने भी बतौर मुख्य अतिथि भागीदारी निभायी।

**अरगोड़ा मैदान में भी हेमंत सोरेन ने फूंका रावण का पुतला :** रावण दहन से पूर्व मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी को तिलक लगाया। आरती उतारी। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, अध्यक्ष कुणाल अजमानी, उपाध्यक्ष रणदीप आनंद आदि मौजूद थे। गणमान्य अतिथियों ने भी लंका सहित कुंभकरण और मेघनाद के पुतले फूंके। पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी ने इसके सफल आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालो का आभार जताया। यहां के बाद सीएम ने अरगोड़ा मैदान में श्रीदुर्गा पूजा और रावण दहन समिति के रावण दहन कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। यहां अन्य अतिथियों के साथ विधायक नवीन जायसवान ने भी खास तौर से उपस्थिति दर्ज करायी।




**रामलीला के मंचन ने मोहा मन :** यूपी से आये कलाकारों ने विविध रूप धर बड़े वाहन पर रामलीला का जीवंत मंचन कर सब का मन मोहा। मोरहाबादी के चक्कर काटते हुए रामायण के विविध प्रसंगों की झांकी प्रस्तुति की। दिन के तीन बजे से नृत्य नाटिका और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का क्रमवार सिलसिला तो चला ही, साथ ही जमशेदपुर के परमजीत सिंह सन्नी ने भी साथी कलाकारों के साथ भांगड़ा कर सभी को खूब झुमाया।

**अतिशबाजी के तो क्या ही कहने :** शाम ढलते ही रावण दहन से पहले मुंबई और कोलकाता की टीम ने मोरहाबादी में जमकर आतिशबाजी की। आकाशीय आतिशबाजी से आसमां गुलजार हो गया। दूर गगन में धमाका होता, फिर रंग-बिरंगी रोशनी नृत्य करती हुई फैल जाती। श्रद्धालु टकटकी लगाये आतिशबाजी का खूबसूरत नजारा देखते रहे। पायरो फायर वर्कस का भी मनोरम नजारा सब के मन को भाया।

### रावण का पुतला फूंक सीएम ने दी दशहरे की बधाई

मोरहाबादी मैदान में सीएम हेमंत सोरेन ने 70 फीट ऊंचे रावण का पुतला फूंका। उन्होंने राज्यवासियों को विजयादशमी और दशहरे की बधाई दी। हेमंत सोरेन ने कहा कि दशहरा का त्यौहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम आज इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर खुशियां बांट रहे हैं, क्योंकि दशहरे के मौके पर ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अहंकारी रावण का वध कर बुराई पर अच्छाई का परचम लहरया था। सीएम ने राज्यावासियों से भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और सत्य व सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की अपील की।

### मनरेगा कर्मियों ने कैबिनेट की बैठक को लेकर आज प्रोजेक्ट भवन में प्रवेश की अनुमति मांगी

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से 14 अक्टूबर, सोमवार को कैबिनेट की बैठक के दिन प्रोजेक्ट भवन में संघ के कर्मियों को प्रवेश की अनुमति मांगी है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश सोरेन ने बताया कि कैबिनेट के अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री को इस अवसर पर धन्यवाद दिया जाएगा। अनुबंध कर्मचारी महासंघ के अंग झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के करीब 500 लोगों को प्रोजेक्ट भवन में प्रवेश दिलाने की मांग की गई है।

### शॉट सर्किट से मोबाइल टावर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**रांची।** फिरायालाल चौक के समीप रविवार को रामकृष्ण अपार्टमेंट में लगे मोबाइल टावर में आग लग गई। जिससे अफरा–तफरी मच गई। वहां के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद अपार्टमेंट की बिजली काटी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया। अपार्टमेंट के समीप मौजूद लोगों ने बताया कि अचानक मोबाइल टावर से चिंगारी निकली और देखते ही देखते तेजी से आग फैलने लगा। वहीं मौजूद कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। सिर्फ मोबाइल टावर ही क्षतिग्रस्त हुआ है। शॉर्ट सर्किट की वजह से टावर में आग लगी थी। इसकी सूचना मोबाइल कंपनी को दे दी गई है।

### रिम्स सर्जरी ओपीडी में आज डॉ शीतल मलुआ देंगे परामर्श

**रांची।** रिम्स में सोमवार को सर्जरी ओपीडी में डॉ शीतल मुलआ मरीजों को परामर्श देंगे। वहीं, मेडिसिन में डॉ बी कुमार, ऑर्थो में डॉ गोविंद गुप्ता, न्यूरोसर्जरी में डॉ आनंद प्रकाश, न्यूरोलॉजी में डॉ रूपेश और टीबी चेस्ट में डॉ ब्रजेश मिश्रा मरीजों को परामर्श देंगे।

## तृणमूल कांग्रेस ने की उम्मीदवारों की घोषणा




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सात विधानसभा क्षेत्र में अपनी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोपो ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन अपनी मर्जी से सभी सीटों पर उम्मीदवारों का चयन कर रहा है, लेकिन हमें पूछा नहीं जा रहा है। इसलिए हम झारखंड के 30 से 32 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। फिलहाल हम 7 सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा कर रहे हैं। ये सीट हैं बोरियो से विपिन, राजमहल जाकिर हुसैन, पाकुड़ असरफुल शेख, लोहरदगा उर्मिला देवी, नाला मुख्तार शेख, धनबाद मुख्तार अहमद,बहरागोड़ा कुंजविंदर सिंह चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बाकी सीटों पर भी शीघ्र उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जायेगी। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता दयानंद सिंह मौजूद थे।

### झारखंड के 30 से 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी पार्टी

## पूरे भारत को अपने सैनिकों पर गर्व है : रक्षा राज्य मंत्री

### पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ में जवानों के साथ मनाया विजयदशमी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विजयदशमी के मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रामगढ़ छावनी परिषद पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में शस्त्र पूजन की साथ ही जवानों को मिठाई खिलाकर विजयदशमी का त्योहार मनाया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पूरे भारतवर्ष को अपने सैनिकों पर गर्व है हमारी सेना ने देश की हर परिस्थिति में शांति स्थापित करने सेवा करने में जो समर्पण दिखाया है, वह अद्भुतीय है। आज यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे वीर सैनिकों के साथ विजयदशमी पर्व मनाने का मौका मिला है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति और मजबूती प्रदान की है। आज हमारी सेना बहुत मजबूत हुई है। रक्षा के क्षेत्र में भारत दुनिया में मजबूत हुआ है। भारत रक्षा के उत्पादन में काफी आगे बढ़ चुका है। हम कई देशों को अपने देश में बने हथियार दूसरे देशों को दे रहे हैं। आज भारत रक्षा के क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका है। रक्षा के क्षेत्र में आज भारत 70% आत्मनिर्भर हो चुका हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने छावनी परिषद स्थित गुरुद्वारा भी गए वहां माथा टेका और सभी लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दी



## रांची में ईडी ने फिर की छापेमारी, केस मैनेज करने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ईडी केस मैनेज के नाम पर ठगी मामले में एक बार फिर ईडी ने शनिवार की सुबह दबिश दी। टीम रांची के सुजाता सिनेमा हॉल के पास स्थित एक घर मे रेड किया। इडी द्वारा यह रेड का मामला एडवोकेट सुजीत कुमार के मामले में की गयी।

**प्रदीप गुप्ता के यहां रेड**

ईडी की टीम रांची के सुजाता सिनेमा हॉल के पास स्थित प्रदीप गुप्ता नाम के एक शख्स के आवास पर छापेमारी की। पूरा मामला ईडी के केस को मैनेज करने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी से जुड़ा हुआ है। फिलहाल यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि प्रदीप गुप्ता के यहां से क्या क्या बरामद हुआ है। पूरा मामला ईडी के केस को मैनेज करने को लेकर करोड़ों की वसूली से जुड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर रांची के पंडरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी, उसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने ईसीआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

**क्यों दर्ज हुई थी एफआईआर**

दरअसल कांके जमीन घोटाला में गिरफ्तार किए गए कमलेश के करीबी जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर वकील सुजीत कुमार पर 6 करोड़ रुपए ठगी करने का आरोप लगाया था। संजीव पांडे ने सुजीत कुमार के खिलाफ दो दिन पूर्व पंडरा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई है। अपने आवेदन में संजीव पांडे ने लिखा है कि जो रुपए ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता को दिए गए थे, उसमें कांके सीओ रहे जयकुमार राम ने अमन नाम के एक आदमी से तीन करोड़ 40 लाख नगद, एक आईफोन दिया गया था। वहीं कांके के पूर्व सीओ और धनबाद डीटीओ दिवाकर द्विवेदी ने अपने भाई के माध्यम से एक करोड़ रुपए तथा नामकुम के पूर्व सीईओ प्रभात भूषण सिंह ने एक करोड़ रुपए दिए थे। लेकिन इसके बावजूद ईडी की चार्जशीट में सभी का नाम आ गया. जब पैसे अधिवक्ता से वापस मांगे गए तब उसने किस्तों में पैसे देने की बात कही थी लेकिन बाद में अधिवक्ता के द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों पर अपहरण का मामला दर्ज करवा दिया गया। रांची पुलिस अभी मामले की जांच ही कर रही थी तब तक इसमें ईडी की एंट्री हो गई. इससे पूर्व पंडरा में दर्ज एफआईआर में जितने भी लोगों के एफआईआर में नाम हैं सबके ठिकाने पर ईडी रेड कर चुकी है।

## राज्यपाल से मिले लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी रविवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, प्रवक्ता उमेश तिवारी और आईटी सेल अध्यक्ष अभिषेक राय शामिल थे। मुलाकात के बाद बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि यह औपचारिक भेंट थी, जिसमें राज्य के विकास और रोजगार के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि संतोष गंगवार एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने आठ बार लोकसभा चुनाव जीता है और कई बार केंद्रीय मंत्री के रूप में सेवाएं दी हैं। उनके अनुभव से राज्य को फायदा होगा।

## खबर एक नजर में

### झामुमो की केंद्रीय और भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव को देखते हुए झामुमो और भाजपा ने अपनी-अपनी रणनीतियों को अमलीजामा देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सोमवार को सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा।

**भाजपा की दो अहम बैठकें भी आज :** वहीं, दूसरी ओर 14 अक्तूबर को भाजपा की दो अहम बैठकें भी प्रदेश कार्यालय में होंगी। इसमें भी चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जाएगा। पहली बैठक चुनाव प्रबंधन समिति की होगी और दूसरी बैठक सभी मोर्चा के पदाधिकारियों की होगी। इन दोनों बैठकों में असम के सीएम सह बीजेपी झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा भी शिरकत करेंगे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी जदयू , पार्टी प्रत्याशियों के लिए नीतीश करेंगे चुनाव प्रचार

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बाकी पार्टियों की तरह जदयू भी झारखंड में सियासी जमीन तलाशने की तैयारी में जुट गयी है। जदयू के नेता और कर्यकर्ता एक बार फिर से झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन कर एनडीए खेमे से यहां चुनाव लड़ने की तैयारी की गई है। झारखंड में लगातार जनाधार खो रही जदयू हाल के दिनों में कई ऐसे बड़े चेहरे को पार्टी में शामिल कराने में सफल रही है। जिससे कि चुनावी नैया पार लग जाए। इन सब के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गई है। पार्टी के द्वारा जारी होने वाले घोषणा पत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी शराब बंदी का वादा जदयू करने जा रही है। इसके अलावा राज्य में सुशासन और विकास को गति देने का वादा घोषणा पत्र के जरिए किया जाने वाला है।

**नीतीश कुमार समेत कई नेता करेंगे चुनाव प्रचार :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत पार्टी के कई बड़े चेहरे चुनाव प्रचार करने आएंगे। जदयू महासचिव संतोष सोनी के अनुसार दिल्ली और पटना में आगामी 14-15 अक्टूबर को चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी की अहम बैठक बुलाई गई है। जिसमें झारखंड के सभी प्रमुख नेता शामिल होंगे। चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के आगमन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न केवल जदयू प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे बल्कि एनडीए के सभी प्रत्याशी के समर्थन में वो प्रचार करने झारखंड आएंगे। जानकारी के मुताबिक एनडीए में सीट शेयरिंग का मसला सुलझ चुका है और जदयू, आजसू और लोजपा को साथ लेकर बीजेपी चुनाव मैदान में उतरनेवाली है।

### रोहित के हत्यारों की हो अविलंब गिरफ्तारी: बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को लोहराकोचा बस्ती में मृतक रोहित तिर्की के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे। जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है, जिसके घर ऐसी घटना होती है। पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है। जबकि सीसीटीवी से यह संभव है। बाबूलाल ने कहा कि पुलिस को अविलंब घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना चाहिए। प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार करे। साथ ही राज्य सरकार परिजनों की मांग के अनुरूप उचित मुआवजा दे।

बाबूलाल ने कहा कि पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधी की पहचान कर सकती है। अपराधी को अविलंब पकड़े जाने से एक भय का वातावरण भी बनता है। घटना की पुनरावृति पर रोक लगती है। आजकल राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में नशखोरी बढ़ी है ।जिसमें बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे भी शिकार हो रहे हैं।

### खेत मे घास फेंकने को लेकर विवाद में महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** खेत मे घास फेंकने को लेकर हुए विवाद में महिला की हत्या करने वाले आरोपी को खूंटी के मारंगहादा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दशाय पाहन मारंगहादा थाना क्षेत्र के सिरूम टोला-रूगुदडीह का रहने वाला है। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दउली और घटना के समय पहना गया हाफ पैंट एवं टी-शर्ट पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार तीन अक्टूबर को मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरूम टोला-रूगुदडीह निवासी सिन्ता देवी की हत्या अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा कर दी गई थी। जिस संदर्भ में सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमन कुमार ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया गया। गठित रक्ळ टीम तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त आरोपी दशाय पाहन को गिरफ्तार किया। पूछ-ताछ के दौरान आरोपी अपनी संलिप्तता की बात को स्वीकार किया। उसने पुलिस को बताया कि घटना के दिन मृतिका द्वारा अपने खेत का घास इनके खेत में फेंक देने, जिसे मना करने पर मृतिका द्वारा इन्हें गाली-गलौज किये जाने के कारण मृतिका की गला काट कर हत्या कर दी।

### एक साल बाद आज प्लांटों में जाएंगे एचईसी के सप्लाई श्रमिक

**रांची।** एचईसी के सप्लाई श्रमिक एक साल बाद सोमवार को प्लांटों में जाएंगे। प्लांटों में प्रवेश के लिए प्रबंधन ने आदेश जारी कर दिया है। एचईसी के 1600 सप्लाई श्रमिकों को पिछले साल सितंबर से ही बैठा दिया गया था। उनके कांट्रैक्ट का नवीकरण नहीं होने के कारण प्रबंधन उनसे काम नहीं ले रहा था और प्लांटों में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा था। इसके विरोध में सप्लाई श्रमिक लगातार आंदोलन कर रहे थे। मुख्यालय और अन्य प्रमुख कार्यालय का गेट जामकर किसी को प्रवेश करने नहीं दे रहे थे।

# झारखंड की राजनीति में हंगर इंडेक्स, झामुमो और भाजपा आमने-सामने !

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के समय में राजनीतिक दलों के नेता अपने विरोधियों पर वार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। विजयादशमी के त्योहार के समापन के बाद ही राज्य की राजनीति में ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति पर राजनीतिक वार-पलटवार शुरू हो गया है। राज्य की सत्तारूढ़ राजनीतिक दल झामुमो ने ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हवाला देकर भाजपा पर निशाना साधा। झामुमो ने पूछा कि पिछले 10 वर्षों में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया तो भाजपा का जवाब मिला कि साजिश रचकर देश के खिलाफ एजेंडा चला रहे विदेशी एजेंसियों के बहकावे में विपक्षी दलों के नेता न आएं, क्योंकि पीएम मोदी के राज में देश मे कहीं कोई भूखमरी नहीं है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की खराब होती स्थिति को झामुमो ने मुद्दा बनाया है। इसको लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि बीजेपी के नेता अपनी मोदी सरकार की उपलब्धियों में ही ग्लोबल हंगर इंडेक्स की सच्चाई बयां कर देते हैं।

जिस देश की 80 करोड़ लोग पेट भरने के लिए सरकार से मिलने वाले 05 किलो अनाज के मोहताज हों, वहां की वास्तविक स्थिति को समझना मुश्किल नहीं है। भाजपा की सरकार ने 10 वर्षों में जो स्थिति बना दी है वह किसी से छुपी हुई नहीं है। जब सरकार और केंद्र में सत्तारूढ़ राजनीतिक भाजपा के एजेंडे में देश की आम जनता की जगह उद्योगपतियों-व्यवसायियों का हित प्राथमिकता बन जाए तो स्थिति ऐसी ही बनती है।

**क्या है इस वर्ष की ग्लोबल हंगर रिपोर्ट में :** 2024 की वैश्विक भूख सूचकांक में भारत की स्थिति थोड़े सुधार के साथ 105 वें स्थान पर है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में 127 में से भारत 105वें स्थान पर है। भारत का 105वें स्थान पर रहना यह बताता है कि देश में भूख से संबंधित गंभीर समस्याएं हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में अपने पड़ोसी देशों में पाकिस्तान को छोड़ अन्य देश जैसे नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और म्यांमार से भी पीछे है।

### विदेश की सम्मानित एजेंसियों के डेटा में कैसे करोगे हेरफेर : जेएमएम

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत को लेकर जो व्याख्या की गई है वह बिल्कुल सही है। क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रिपोर्टेड संस्थाओं के द्वारा तैयार कराई जाती है। उन्होंने कहा कि इसे झूठलाया नहीं जा सकता। आप अपने डेटा में हेरफेर करके अपने हिसाब से रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं परंतु विदेशी एजेंसियों के रिपोर्ट में कैसे हेर फेर कर सकते हैं। हकीकत यह है कि आज ग्लोबल हंगर इंडेक्स, काला धन, देश पर बढ़ता कर्ज का बोझ, सब एक सच्चाई है और केंद्र सरकार को इसका जवाब देना चाहिए।

### फैलाती हैं विदेशी एजेंसियां भ्रम : भाजपा

ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट पर आक्रामक हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं को सलाह देने के स्वर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि विदेशी एजेंसी हमेशा भारत को लेकर भ्रम फैलाती रहती हैं। इसी तरह की एजेंसियां कुछ वर्ष पहले तक श्रीलंका को भारत से काफी बेहतर देश बताया करती थी, परंतु आज श्रीलंका किस हाल में है यह सब कोई जानता है। कुछ विदेशी एजेंसी अफगानिस्तान जैसे देश में पत्रकारिता की स्वतंत्रता को भारत से बेहतर बताती है परंतु हकीकत क्या है यह सब कोई जानता है। बीजेपी नेता ने कहा कि इतना ही नहीं पड़ोसी राज्य पाकिस्तान में हंगर इंडेक्स को भारत से बेहतर बताने वाली विदेशी एजेंसियां सिर्फ भारत के विरोध में अपना एजेंडा चलाती है। विपक्षी दलों के नेताओं को इनसे सावधान रहने की जरूरत है। देश में कहीं भी भुखमरी जैसी समस्या नहीं है क्योंकि केंद्र की भाजपा सरकार ने 80 करोड़ लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की योजना चला रखी है। ऐसे में साफ है कि विदेशी एजेंसियां, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को बदनाम करने के लिए इस तरह के षड्यंत्र रखती हैं, इससे सावधान रहने की जरूरत है।

# महानगर पूजा समिति की विसर्जन शोभा यात्रा संपन्न







**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रविवार को रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा सामूहिक विसर्जन शोभायात्रा समिति के मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय,अध्यक्ष चंचल चटर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा , महामंत्री रविंद्र वर्मा ,कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा गोपू ,संजय मिनोचा , सागर कुमार, अशोक यादव, कमलेश यादव,अमर नाथ साहू, समीर सिंह के नेतृत्व में दोपहर 3:00 बजे मां दुर्गा के मूर्ति का विसर्जन शोभायात्रा बिहार क्लब कचहरी रोड से आरंभ होकर 6:00 बजे विसर्जित हुआ। जिसमें विहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय एवं सचिव संजय सिन्हा गोपू के नेतृत्व में कचहरी रोड से शुरू होकर संग्राम क्लब के रंजन सिंह एवं राजेश कुमार लाल, रातू रोड किशोरी यादव चौक में इटकी रोड ,पंडरा रोड, पिस्का मोड़ की ओर से आने वाले सभी मूर्तियों को साथ लेकर महावीर चौक यूथ क्लब से विशुन देव लीलू ,ज्योति संगम ,गाड़ी खाना से शक्ति स्त्रोत संघ कामाख्या सिंह के नेतृत्व में सभी मूर्तियों को साथ लेकर फिरायालाल चौक पर बरियातू रोड से आने वाले मूर्ति एवं महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति थड़पखना रविंद्र वर्मा के नेतृत्व में हजारीबाग रोड से आने वाले मूर्तियों का मिलन हुआ। विसर्जन शोभायात्रा मेन रोड की ओर चंद्रशेखर आजाद क्लब को साथ लेकर काली मंदिर चर्च रोड पूजा समिति के साथ आगे बढ़ते हुए वूल हाउस अंजुमन प्लाजा चौक से वापस मुड़कर डेली मार्केट होते हुए कोतवाली थाना के आगे से बाई ओर मुड़कर बड़ा तालाब एवं चडरी तालाब तथा अन्य तालाबों में विसर्जन हुआ। इस दौरान लोगों में विशेष उत्साह दिखा। लोग उत्साहित होकर नाच गा रहे थे।

## यूथ क्लब की प्रतिमा का विसर्जन

**रांची।** यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से रविवार को विसर्जन शोभायात्रा निकाल कर मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा अपर बाजार, महावीर चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से काली मंदिर होते हुए बड़ा तालाब के लिए रवाना हुआ। इस वर्ष पूजा पंडाल गोकुलधाम के प्रारूप का बनाया गया था। विसर्जन शोभायात्रा को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर सिन्हा, मंत्री राकेश वर्मा रिंकू, संयोजक विजय वर्मन एवं यदुनाथ पांडे, प्रवक्ता अजय वर्मा, संगठन मंत्री मयंक गिरि, सदस्य निशांत सिन्हा, मुन्ना शर्मा, श्याम यादव, मोनू, राजेश, मनोज आदि ने सहयोग किया।

## दुर्गा पूजा का उत्सव सामाजिक सौहार्द्र भाईचारा व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

महानगर समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि इस वर्ष का दुर्गा उत्सव सामाजिक सौहार्द भाईचारा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महानगर समिति के हम सभी पदाधिकारीयों ने राज्य के राज्यपाल एवं राज्य के मुखिया हेमन्त सोरेन ,मुख्य सचिव एल.खियांग्ते, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, गृह सचिव ,जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन एवं सभी थाना प्रभारी, रांची नगर निगम, यातायात पुलिस , झारखंड विद्युत बोर्ड ,पीएचइडी एवं जिला खनन विभाग का आभार प्रकट किया।

## भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनायें : हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित दशहरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर रावण का पुतला दहन किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को दशहरा की हार्दिक बधाई दी और भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान राम के जीवन से हमें कई सीख मिलती है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और आतिशबाजी का मनमोहक नजारा का आनंद उठाया।



# सिंदूर खेला के साथ हुई मां की विदाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्रद्धा, आस्था और उत्साह का पर्व दुगार्पूजा देवी प्रतिमा विसर्जन के साथ ही संपन्न हो गया। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने देवी दर्शन किए और मां से आशीष मांगा। अष्टमी से लेकर दशमी तक लोगों का हुजूम देवी दर्शन के लिए उमड़ पड़ा।

दुर्गाबाटी में बंग समाज की महिलाओं ने माता के दर्शन के दौरान सिंदूर लगाया और मिठाई व पान खिलाया। इस मौके पर महिलाओं के बीच सिंदूर खेला जाता है। जो बेहद आकर्षण का केंद्र होता है। इसके अलावे कुंवारी भोजन तथा पूजा का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर देवी के अंतिम दर्शन किए, देवी को पान और प्रसाद चढ़ाया तथा आपस में सिंदूर खेली।



**नामकुम में घोष बंग समाज ने आयोजित किया सिंदूर खेला :** रांची। नामकुम स्थित सदाबहार चौक मां कालीबाड़ी चाय बागान में घोष बंग समाज ने सिंदूर खेला का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां की प्रतिमा पर पुष्प चढ़कर की गई। मौके पर मां काली बाड़ी वेंकट हॉल से शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर के परिसर पहुंची। जहां पारंपरिक रूप से एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मुंह मीठा कराया गया। घोष बंग समाज के सदस्य द्वारा मंदिर के पदाधिकारी को चुनरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही घोष बंग सामज के लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर अखिलेश यादव, मनोज ठाकुर ,प्रमोद पंडित,टुनटुन सिंह , नीरज कुमार,अध्यक्ष विमल घोष, बबन घोष, राजू घोष, प्रदीप घोष, चंचल घोष ,भास्कर गोराई ,सहदेव घोष, मिठू घोष ,रिंकू घोष, बेबी घोष,और सोनाली घोष आदि मौजूद थे। इस मौके पर अध्यक्ष विमल घोष ने कहा कि सिंदूर खेला एक दूसरे को प्रेम का प्रतीक और भाईचारे का संदेश देता है।

## राम दरबार में श्रद्धालुओं की रिकार्ड भीड़



**रांची।** पुराना विधानसभा मैदान में श्री राम लल्ला दुर्गा पूजा समिति द्वारा अयोध्या के राम दरबार का प्रारूप तैयार करवाया गया था। तृतीया तिथि (5 अक्टूबर) को मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। समिति के अनुसार दशहरा समाप्त होने तक लगभग 15 लाख लोगों ने राम दरबार का दर्शन किया। रविवार की शाम विसर्जन कार्यक्रम किया गया। लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने का नाम नहीं लिया। पंडाल देखने के लिए रविवार को भी रोड पर गाड़ियों की कतार लग गयी। दूर दराज से लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बता दें कि 98 लाख की लागत से इस पंडाल का निर्माण करवाया गया है।

## सर्वधर्म सद्भावना समिति ने दुर्गा पूजा में आपसी सौहार्द्र की अदभुत मिसाल कायम की



**रांची।** दुर्गा पूजा के अवसर पर सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम के नेतृत्व में आपसी सौहार्द के साथ त्योहार को मनाने हेतू सर्वधर्म सदभावना समिति की पूरी टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमते हुए शरारती तत्वों पर निगरानी रखने में सहयोग किया। इस कार्य में फिरोज अंसारी, सुहैल खान, परवेज आलम, नौशाद आलम, राफे कमाल, जसीम हसन, परवेज आलम( मौलाना आजाद कालेज), जमील अख्तर सोनू , दानिश खान, मो. आफताब आलम , मो.रईस, मो.इश्तेयाक, हाजी बेलाल कुरैशी,इसलाम इदरीसी( चौरासी पंचायत) मो. शहजाद (बब्लू भाई) मो. मोहसिन, मो. साबिर, जमील गद्दी,असलम अली, मो.मोजाहिद,मो. मकसूद,मो. शहबाज, मो.तबरेज,मो. नकीब,मो. शहनवाज,मोनू, मो. एनायतुल्लाह, साजिद उमर सहित अनेक लोग का सहयोग रहा।

## रातू रोड बिरला मैदान में रावण दहन



**रांची।** शुक्रवार को रातू रोड बिरला मैदान में इंद्रपुरी रावण दहन समिति के द्वारा रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण दहन का कार्यक्रम प्रथम बार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक मृत्युंजय सिंह, मुख्य संयोजक उत्तम यादव, नीरज कुमार अशोक श्रीवास्तव उपस्थित थे। प्रथम वर्ष पर दशहरा के शुभ अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में अजय तिर्की, रमेश सिंह, सूरज टोप्पो, दिलीप गुप्ता, सुरेश केडिया, प्रकाश सिंहा, मंटू सिंह मनजीत सिंह, सरवन साहू सकलदीप मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राजनीतिक सरगर्मी के बीच मौसम भी ले रहा करवट, 15 को होगी बारिश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी के साथ मौसम भी करवट ले रहा है। राज्य में मौसम में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार, 15 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे के बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पि्श्मी सिंहभूम में देखने को मिलेगा।

**16 से 18 अक्टूबर तक पांच जिलों में बारिश :** 16 से 18 अक्तूबर तक राज्य के पांच जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। पिछले 25 घंटे में सरायकेला-खरसांवा, गुमला के बिशुनपुर में बारिश हुई। वहीं झारखंड के कई हिस्सों से दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून की विदाई हो चुकी है।

**अगले पांच दिनों तक तापमान में बदलाव के संकेत नहीं :** मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं 13 और 14 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहेगा। आसमान भी साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान देवघर में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में दर्ज किया गया।

## इन हिस्सों से लौट चुका है मॉनसून

दक्षिण-प्ि्रम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे प्ि्रम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से और असम व मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-प्ि्रम बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-प्ि्रम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे प्ि्रम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से भी मॉनसून वापस चला गया है। वहीं छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से, असम और मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-प्ि्रम बंगाल की खाड़ी से भी मॉनसून की वापसी हो चुकी है। वहीं 14 अक्टूबर के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

# दुर्गा पूजा के दौरान युवक की पीटकर हत्या

## आरोपियों ने फोन कर बुलाया था रातू रोड, परिजनों ने सड़क जाम कर किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** दुर्गा पूजा घूमने के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट में घायल हुए युवक रोहित तिर्की की इलाज के दौरान मौत हो गई। रोहित तिर्की की मौत से आक्रोशित परिजनों ने रांची के लालपुर चौक को जाम कर हंगामा करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करा लिया।

**क्या है पूरा मामला**

रोहित के परिजनों ने बताया कि 11 अक्टूबर को रोहित दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया।

विवाद के बाद युवकों के द्वारा रोहित के साथ मारपीट की गई, जिसमें रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया। रोहित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

**शव के साथ सड़क जाम कर हंगामा**

रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर दिया था। लोगों का कहना है कि शहर भर में पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। खास तौर से पंडाल के इर्द गिर्द पुलिस की कड़ी तैनाती के बावजूद इसके रोहित की पीट-पीटकर हत्या हो गई। लोगों ने आरोप लगाया कि वारदात के 48 घंटे बाद भी इस हत्या में कौन लोग शामिल हैं इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है।

**पुलिस ने शांत कराया मामला**

मामले की जानकारी मिलने पर सिटी डीएसपी केवी रमन, लालपुर थाना प्रभारी सहित अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचे और सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर जाम खत्म करवाया।

सिटी डीएसपी केवी रमन ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस हत्या में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

**फोन कॉल के जरिए घटनास्थल पर बुलाया**

रोहित के परिजनों द्वारा मामले में लालपुर थाने में एफआईआर भी दर्ज करायी है। एफआईआर के अनुसार 11 अक्टूबर को रोहित को रात में एक कॉल आता है और उसे रातू रोड के पास बुलाया जाता है। जैसे ही रोहित वहां पहुंचता है, वहां मौजूद 20 से 25 युवक उसकी पिटाई शुरू कर देते हैं। इस वारदात को रातू रोड स्थित पूजा पंडाल के ठीक बगल में अंजाम दिया गया। घायल रोहित को पुलिस के द्वारा ही अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

## देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी होगा झारखंड का अपना भवन

- **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज प्रोजेक्ट भवन से करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज 14 अक्टूबर को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बनने वाले झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे। सोमवार 14 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुंबई में निर्माण होने वाले झारखंड भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस तरह देश की राजधानी दिल्ली के बाद मुंबई में भी झारखंड का दूसरा झारखंड भवन होगा।

**कहां बनेगा झारखंड भवन**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुंबई में नया झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे, जो मुंबई में सेक्टर 30अ, वाशी, नवी मुंबई, महाराष्ट्र में बनेगा।

**इनकी भी रहेगी उपस्थिति**

प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस शिलान्यास समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थिति रहेंगे।

## 171वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को 171वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन पापांकुशा एकादशी व्रत एवं दशहरे के मौके पर आयोजन किया गया। निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग के प्रांगण में वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आसपास के रहने वाले लगभग 900 श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के बीच वितरण किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, बिजय अग्रवाल, पंकज पोद्दार, नवल अग्रवाल, रंजीत गाड़ोदिया, बिष्णु सोनी, विशाल जालान, मनीष सोनी, सुरेश कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, शिवभगवान अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पवन पोद्दार, चन्द्रदीप साहु, महेश वर्मा, अशोक ठाकुर, परमेश्वर साहु, महिला समिति की विद्या देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, पुनम अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस का संविधान सम्मान सम्मेलन 19 अक्टूबर को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी गैर राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। राहुल गांधी रांची में 19 अक्टूबर को आयोजित होने वाले संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी है।

**संविधान सम्मान सम्मेलन में कर सकते हैं शिरकत**

दिल्ली से रांची लौटते ही शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश खुद सहयोगी नेताओं के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार राहुल गांधी का कार्यक्रम इसी कार्निवल सभागार में होना प्रस्तावित है।

- **सम्मेलन में शामिल होने के लिए रांची आ सकते हैं राहुल गांधी**

केशव महतो कमलेश के साथ कार्निवल सभागार को देखने जाने वालों में शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित संविधान सम्मान सम्मेलन, न्याय का अधिकार कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों में जुट गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के लिए कार्निवल सभागार में ही राहुल गांधी का



कार्यक्रम होगा, लेकिन उस पर अंतिम मुहर दिल्ली से सोमवार को आनेवाली टीम की सहमति के बाद ही लगेगी। राहुल गांधी को मिली विशेष सुरक्षा की वजह से उनके कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा के सभी मानकों पर परखने के बाद ही कार्यक्रम की अनुमति मिलती है। वैसे तो रांची में होने वाला राहुल गांधी का संविधान सम्मान सम्मेलन देश का पांचवां कार्यक्रम होगा, लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले उनके कार्यक्रम का मकसद समाज के उन वर्गों तक यह बात पहुंचाने की है कि केंद्र की एनडीए सरकार संविधान विरोधी है।

ज्ञात हो कि संविधान सम्मान सम्मेलन के माध्यम से राहुल गांधी यह बताने की कोशिश करेंगे कि कैसे बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से जो अधिकार अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसी और माइनॉरिटी को दिए हैं वह छीना जा रहा है। कैसे निजीकरण की वजह से आरक्षण खत्म किया जा रहा है और वर्तमान भाजपा की सरकार और आरएसएस की मंशा आरक्षण समाप्त कराने की है। इस दौरान राहुल गांधी अपने संबोधन में समाज में जिनकी जितनी भागीदारी है, उसके लिए उतनी भागीदारी और उनकी हकमारी का मुद्दा भी उठा सकते हैं।

## श्री श्याम मंदिर में आश्विन सुदी पापांकुशा एकादशी पर्व भक्तिमय वातावरण में मना



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को आश्विन सुदी पापांकुशा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा रजनीगंधा व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई। भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान-फल- मेवा एवं केसरिसा दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, अमित जलान, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया का सहयोग रहा।

### एकादशी के अवसर पर भक्ति के महासागर में डूबे भक्त

**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में रविवार को आश्विन माह की पापाकुंशा एकादशी के अवसर पर भक्ति के महासगर में डूबा हुआ था। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीश्याम दरबार के दर्शन कर प्रातःकालीन श्रृंगार का दर्शन कर प्रातः 8.30 श्रृंगार आरती में भाग लिया। श्री श्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार एकादशी का सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया गया। लाल गुलाब, गुलाबी गुलाब, पीला गेंदा, मुरगन, तुलसीदल आदि बेंगलोर-कोलकाता से मंगाए गए फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश का दिव्य विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्यों ने किया। इसके पहले खाटूनरेश को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। सायंकाल गर्भगृह को खोला गया तो बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने खाटूनरेश के दिव्य रूप का दर्शन कर अपनी-अपनी मनोकामना प्रस्तुत की। पूरा मंदिर परिसर खाटूनरेश के जयकारों से गूंज रहा था। पापाकुंशा चांदनी एकादशी का समारोह 9.30 बजे मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। सुभाष पोद्दार व सुशीला पोद्दार ने खाटूनरेश की अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके एकादशी समारोह की शुरूआत की उन्होंने केशरिया पेड़ा, रबड़ी, दूध, पंचमेवा, नारियल, विभिन्न फलों- केला, संतरा, अमरुद, सेव मगही पान का भोग अर्पित कर बाबा के दरबार दरबार में धोक लगायी। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। इस अवसर पर मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संजय सराफ, अभिषेक सरावगी, रौनक पोद्दार, अरविन्द सोमानी, निरिवल नारनोली, रौनक खेमका, दिनेश अग्रवाल ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुआ सामूहिक शस्त्र-पूजन और हनुमान चालीसा का पाठ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विजयादशमी के अवसर श्री माहेश्वरी सभा द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर लेक रोड मे सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। रांची में पहली बार आयोजित सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम मे सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सनातन धर्म के लोगों द्वारा पूरे महाधार्मिक अनुष्ठान पूजा अर्चना के साथ सामूहिक रूप से सैकड़ों की संख्या में शस्त्र तलवार कटार तथा अन्य शस्त्रों का पूजन किया। आठ विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी शस्त्रों का पूजन कराया गया। गणेश वंदना एवं शंखनाद के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा बच्चों द्वारा श्री राम प्रभु के भजनों पर भावपूर्ण मनमोहन नृत्य एवं नारी शक्ति द्वारा शौर्य कौशल की अद्भुत प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ विश्व शांति के लिए किया गया। कार्यक्रम में समाज के समस्त लोग एक छत के नीचे इकट्ठे होकर आपसी एकता के साथ शस्त्र पूजन और अपना उद्बोधन समाज के सामने देते हुए कहा कि शास्त्र के अनुसार शस्त्र रखना अति आवश्यक है। तत्पश्चात उपस्थित लोगों के बीच सैकड़ों की संख्या में शस्त्र का वितरण किया गया। सबों का स्वागत दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुकेश काबरा शस्त्र पूजन की महत्ता की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के दिन सामूहिक शस्त्र पूजन का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। तत्पश्चात मां दुर्गे की स्तुति, महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम का समापन हुआ। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में 400 से भी अधिक पुरुष एवं महिलाएं सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर- किशन साबू, जुगल किशोर मारू, सीपी सिंह, वासुदेव भल्ला, शिव शंकर साबू, नरेंद्र लखोटिया, राजकुमार मारू, पवन मंत्री, अंकुर डागा, श्याम बियानी, विनय महेश्वरी, हेमंत महेश्वरी, बसंत लखोटिया, अशोक साबू ,चंद्रकांत रायपात, बसंत मित्तल, महावीर प्रसाद सोमानी,भारती चितलांगिया, सुरेशचंद्र अग्रवाल, संजय सर्राफ, गौरव काबरा, कैलाश केसरी, मनोज कल्याणी, दिलीप साबू, अरविंद सोमानी, श्यामसुंदर शर्मा, मनोज चौधरी, रमन वोडा, श्याम पालीवाल, मुकेश काबरा, अशोक मंगल, ओम बोड़ा, विष्णु सेन, अनिल जालान, मनोज काबरा, श्रीराम शर्मा, सौरभ साबू, रमाशंकर बगड़िया, नीरज भप्त, विजय खोवाल, धीरज बंका, महावीर मंत्री, रमेश चंद्र शर्मा, चंद्रप्रकाश बागला,के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बीएयू में दुर्गोत्सव पर 75 से 95 साल तक के 12 बुजुर्गों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) कैंपस में आयोजित दुर्गा पूजा समारोह के रजत जयंती वर्ष पर पूजा समिति से जुड़े 12 पुराने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मोमेंटो, श्रीफल एवं माता का चुनरी देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रो. एनसी दास (95), एसएन दास (90), डॉ एसएसपी वर्मा (89), डॉ डीके झा (85), डॉ बीएन प्रसाद (85), डॉ केडी सिंह (80), डॉ बीपी सिंह, डॉ केके प्रसाद, डॉ उमेश चौधरी, प्रकाश कुमार, अमिता मुखर्जी (धर्मपत्नी स्व. एके चक्रवर्ती) तथा स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक डॉ देवाशीष चक्रवर्ती (सुपुत्र स्व. नारायण चक्रवर्ती) शामिल थे। इस अवसर पर पूजा समिति के संस्थापक सदस्य जीतेन्द्र झा का भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। समिति ने इसी प्रकार आयोजन में पूर्व में सक्रिय भूमिका निभाने वाले एक दर्जन बुजुर्ग कार्यकर्ताओं को प्रतिवर्ष सम्मानित करने का निर्णय लिया है।



आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रो डीके रूसिया, महासचिव डॉ राकेश कुमार सक्सेना तथा सचिव डॉ सुधीर कुमार सिंह ने समारोह के नियोजन एवं कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। संचालन धर्मेन्द्र रावल एवं अमरेन्द्र वर्मा ने किया।

अष्टमी के दिन शिवशक्ति जागरण मंच के राहुल कुमार एवं टीम द्वारा भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें कुलपति डॉ एससी दुबे सहित विश्वविद्यालय कर्मियों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। नवमी के दिन विश्वविद्यालय परिसर की महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। सांस्कृतिक संध्या का समन्वयन पूनम सिंह, पारुल रावल, सुनीता उपाध्याय एवं प्रियंका सिंह ने किया। तीनों दिन खीर एवं खिचड़ी के प्रसाद भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। समस्त मूर्तियों के प्रयोजन का लाभ डॉ डीएन सिंह ने लिया। अतीत में विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले, काम करने वाले और परिसर में रहने वाले लोग दूरदराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में कार्यक्रम में भागीदारी हेतु आये थे। विश्वविद्यालय परिसर की उत्तरी सीमा से सटकर बहने वाली जुमार नदी में शनिवार की शाम प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

## खानकाह मजहरिया मुनअमिया में दो दिवसीय उर्स गौसुल आजम आज से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया में हर साल की तरह इस साल भी पूरे धूमधाम से दो दिवसीय उर्स गौसुल आजम का आयोजन आज से शुरू होगा। 15 अक्टूबर तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उर्स का आयोजन खानकाह के सज्जादा नशी व ईमाम जामा मस्जिद जैप 1 डोरंडा रांची के पीरे तरीकत रहबरे शरियत हजरत अल्लामा सैय्यद शाह मोहम्मद अलकमा शिबली कादरी अबुल ओलाई साहब की सरपरस्ती में किया जा रहा है।

उर्स में पटना से खानकाही कव्वाल अनीस खान अपनी पूरी टीम के साथ खानकाह पहुंच रहे हैं। वहीं खानकाह और आसपास के सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। उर्स में आ रहे लोगों की सुरक्षा को लेकर खानकाह कमिटी ने प्रशासन से विशेष सुरक्षा बल की मांग की है साथ ही कमिटी ने नगर निगम से खानकाह के आसपास विशेष साफ-सफाई की मांग की है। उर्स में झारखंड-बिहार से सैकड़ों अकीदतमंद शामिल होने रांची पहुंच रहे हैं। दो दिवसीय उर्स में विधायक, वरिष्ठ राजनेता, समाजसेवी के साथ ही साथ वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं वरिष्ठ डॉक्टर शामिल होंगे।

**आज के कार्यक्रम**

7 बजे (सुबह) परचम कुशाई
8 बजे (सुबह) कुरानखानी
9:30 (सुबह) नेयाजे खास
6:00 (शाम) हलक ए ज़िक्र
7:00 (शाम) सजराखानी
7:30 (रात) जिक्रे गौसुल आजम
8:15 (रात) खीरका पोशी एवं कुल शरीफ
9:00 (रात) कव्वाली (मजलिशे शमा)
10:00 (रात) लंगर खानी वा दुआ

**15 अक्टूबर (मंगलवार)**

9:30 (सुबह) तोश ए गौसुल आजम
11:30 (सुबह) फातिहा शरीफ
12:00 (दिन) कव्वाली (मजलिशे शमा)
1:30 (दोपहर) लंगर खानी
6:30 (शाम) कुल व फातिहा खानी एवं कव्वाली व सवार ए जैन ओ जिदान के साथ उर्स का समापन।

## गुरुद्वारा मैदान में गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व का आयोजन 13 नवंबर को

- **प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की बैठक आयोजित**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को बैठक की गयी। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 13 नवंबर, बुधवार को कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित गुरुद्वारा मैदान में भव्य दीवान सजाया जाएगा और दोपहर 2:00 बजे से नगर कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई आम सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए एवं प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर अपने अपने विचार रखे, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि रातू रोड कृष्णानगर कालोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व 13 नवंबर को गुरुद्वारा मैदान में मनाया जाएगा। सर्वप्रथम सुबह 9.30 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पालकी में विराजमान कर गुरुद्वारा साहिब से शबद कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा मैदान स्थित भव्य पंडाल में विराजमान किया जाएगा तत्पश्चात सुबह दस बजे से भव्य दीवान सजाया जाएगा जो कि दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा। इसमें सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई जगतार सिंह जी जम्मू वाले विशेष रूप से शिरकत कर राज्य की साध संगत को गुरवाणी कीर्तन से निहाल करेंगे। दोपहर एक बजे से गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। विशेष दीवान की समाप्ति के तुरंत बाद दोपहर 2:30 बजे पुष्प से सुसज्जित सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान कर गुरुद्वारा मैदान से पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुआई में भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो रातु रोड,प्यादा टोली, गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, डेली मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स, लाला लाजपत राय चौक से होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचकर रात नौ बजे विसर्जित होगा।

इसके अलावा प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 14 नवंबर को सुबह का दीवान सुबह 8 बजे से 10.30 बजे, रात का दीवान 8 बजे से 11.30 बजे तक सजाया जाएगा तथा प्रकाश पर्व के दिन यानी 15 नवंबर को रात 9 बजे से मध्यरात्रि दो बजे तक रैन सवाई दीवान सजेगा, जिसमें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रखे जा रहे श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रात 12.30 बजे होगा।

प्रभातफेरियों की शुरूआत 1 नवंबर से होगी, रोजाना सुबह 5.30 बजे से 8.30 बजे तक प्रभातफेरी निकाली जाएगी और समापन 10 नवंबर को होगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रकाश पर्व से दो दिन पूर्व नगर कीर्तन निकालने की परंपरा 57 सालों से चली आ रही है। प्रत्येक साल कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा शबद कीर्तन के बीच नगर कीर्तन निकाला जाता है, जिसमें पुष्प सुसज्जित सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाता है।

बैठक में दास मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, अशोक गेरा, हरगोविंद सिंह, अमरजीत गिरधर, नरेश पपनेजा, मोहन काठपाल, लक्ष्मण दास मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, भगत सिंह मिढ़ा, मनोहर लाल मुंजाल, लक्ष्मण सरदाना, हरीश मिढ़ा, बिनोद सुखीजा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, कवलजीत मिढ़ा, जीतू अरोड़ा, बसंत काठपाल, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, जीतू काठपाल, हरजीत बेदी, रमेश गिरधर,जितेंद्र मुंजाल, जगदीश अरोड़ा, ललित गखड़, कुलदीप सिंह चूचरा, भूपिंदर सिंह, गुलशन मिढ़ा,राजू काठपाल, जसवंत सिंह चूचरा, मनीष गिरधर, ज्ञान मादन पोतरा, मोहित मुंजाल, अशोक मुंजाल, अजय अरोड़ा, गुलशन मुंजाल, रिक्की मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## धनई और नवांसोसो में 4.5 लाख नकद और जेवरात की चोरी

**रातू।** चटकपुर में चोर गिरोह की सक्रियता से आम नागरिक भयभीत हैं। कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब तीन से चार घरों में चोरी न होती हो। 11 अक्टूबर की रात अपराधियों ने धनई सोसो के नरेंद्र कुमार गुप्ता और नवांसोसो निवासी हरिशंकर प्रसाद के बंद घर को निशाना बनाया। इसमें गुप्ता के घर से उन्हें करीब 2.90 लाख नकद, जेवरात हाथ लगे। वहीं, प्रसाद के यहां से 1.5 लाख नकद, जेवरात और कीमती सामान ले गये। परिवार के लोग बेटे की सगाई में बिहार गये थे। 12 को पड़ोसियों ने घटना की टेलीफोनिक सूचना दी। रविवार को लौटे, तो घर के कमरे में रखे अलमीरा से नकद और जेवरात गायब तथा सामान बिखरे पड़े थे। मामले को लेकर भुक्त भोगियों ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कॉल डंप भी कराया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के ढेलुवाखूंटा गांव के समीप विगत बुधवार की रात स्कूटी और साइकिल के बीच हुई टक्कर में घायल साइकिल सवार ढेलुवाखूंटा गांव निवासी श्याम कृष्ण कार्की (50) की मौत उसी दिन देर रात इलाज के दौरान रिम्स में हो गई। मालूम हो कि बुधवार की रात करीब सात बजे कार्की साइकिल में सवार होकर अपने घर से खालसा जा रहे थे।इसी दौरान विपरीत दिशा से जा रहे स्कूटी सवार भुसूर गांव निवासी प्रकाश महतो ने साइकिल को टक्कर मार दिया था।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में दूर्गा प्रतिमाओं का विर्सजन के साथ दूर्गा पूजा और दशहरा का त्यौहार शांति और सदभाव पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया । प्रखंड के कई जगहों पर शनिवार को हीं प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया जबकि बाकी जगहों पर रविवार को प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया । श्रद्धालुओं पूरे अस्था और भक्ति भाव से प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया।

## समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से होटल मालिक की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको गांव निवासी होटल व्यवसायी सह समाजसेवी 58 वर्षीय राजकुमार प्रसाद गुप्ता का शुक्रवार की रात में लगभग नौ बजे उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने पर उन्हें ऑटो से पत्नी व बेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो इलाज के लिए लेकर आये।जहां चिकित्सकों ने इलाज कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं राजकुमार प्रसाद गुप्ता को रेफर करने के बाद 108 एम्बुलेंस को फोन करने पर पता चला कि वे लोग हड़ताल पर है। इसके बाद उन्हें रांची ले जाने के लिए दो घंटे तक गाड़ी खोजने बाद इन्हें गाड़ी नहीं मिली और बाद में उनकी मौत हो गई।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

### घर में पसरा मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के रांची जिला अध्यक्ष व सर्वोदय हाई स्कूल कांके रांची के सहायक शिक्षक इटकी निवासी 42 वर्षीय सफदर इमाम की रविवार को सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके 11 वर्षीय पुत्र अहियान इमाम का रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक मृतक सफदर इमाम लातेहार से रांची लौट रहे थे इसी क्रम में मनिका थाना अंतर्गत कटमाही मोड़ के समीप अपराह्न करीब एक बजे जेपीएस सवारी बस और कार की सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार चला रहे सफदर इमाम की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि कार में सवार पत्नी और चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया, जहां मेडिका अस्पताल में गंभीर रूप से घायल अहियान सफदर (11) का इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। जबकि एक बच्चे की हालत नाजुक बताई जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम करीब आठ बजे शव के इटकी पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। मर्माहत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### बेटे ने मां को लाठी से पीटकर मार डाला

चान्हो। थाना क्षेत्र के मसमानो गांव के एक युवक ने शुक्रवार देर रात अपनी मां को लाठी से पिट-पिट कर हत्या कर दी और मां के शव को उसने घर में ही बने एक कमरे में दफना दिया। बताया जाता गाँव के 35 वर्षीय सागर कुजूर ने अपनी मां की लाठी से पिट-पीटकर हत्या कर दी। मां को दफनाने के बाद शनिवार की सुबह वह खुद थाने गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि सागर मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सागर अपनी पत्नी को बराबर मारपीट करता था जिसके कारण वह अपनी बेटी के साथ मायके चली गई है। वहीं सागर का पिता भी सागर के मारपीट के कारण अपनी छोटी बेटी के यहाँ चला गया है। घर पर सागर अपनी मां के साथ अकेला रहता था। सागर ने बताया कि किसी बात को लेकर शुक्रवार की देर शाम उसकी मां से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई जिसके बाद उसने घर में ही पड़ी लाठी को उठाया और उसके सिर के पिछले हिस्से में मारकर उसकी हत्या कर दी और शुक्रवार की पूरी रात वह अपनी मां के शव के साथ घर पर ही सोया रहा। पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को बाहर निकाला गया, साथ ही पुलिस ने आरोपी युवक को अपनी हिरासत में भी ले लिया है।







## धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या, सात पर केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना के मसमानो गांव के रहने वाले 57 वर्षीय अशोक सिंह की शुक्रवार देर शाम तेज और धार धार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक के पुत्र सुशांत कुमार सिंह के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है, आवेदन में सात लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जिसमे छह आरोपियों को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेज दिया है। घटना के बाद गुस्साये लोगों ने रात लगभग साढ़े दस बजे रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को थाने के ठीक सामने जाम भी कर दिया था पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही के आश्वासन के बाद रात में ही जाम हटा लिया गया था। शनिवार की दोपहर रिम्स से पोस्टमार्टम से आने के बाद उनका उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है कि अशोक सिंह के दादा या परदादा द्वारा कुछ डिसमिल जमीन घटना में घायल आबिद अंसारी के पूर्वजों को दिया गया था। पिछले कुछ वर्षों से आबिद उक्त जमीन से ज्यादा जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करता रहता था जिसका अशोक सिंह हमेशा विरोध किया करते थे। अशोक सिंह का कहना था कि जितनी जमीन तुम्हें दी गई है तुम उतनी ही जमीन पर काबिज रहो। इस मामले को लेकर कहा सुनी होती रहती थी। एक सप्ताह पूर्व उसके द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य का विरोध भी अशोक सिंह ने किया था और मामले को लेकर वे थाने भी गए थे। उसी समय आरोपी ने अशोक सिंह को जान से मारने की धमकी दी थी। यह जमीन अशोक सिंह के घर से कुछ ही फीट की दुरी पर है। परिजनों ने बताया अन्य दिनों की तरह शुक्रवार की शाम को अशोक सिंह चान्हो चौक से अपने घर लौटने के बाद अपनी पत्नी से चाय बनाने को कहा और और खुद घर के बगल स्थित बारी में बांधी गई अपनी गाय को खोलकर लाने चले गए, काफी देर तक भी जब वे वापस नहीं लौटे तो उनकी पत्नी और पुत्री उन्हें ढूंढने गई। इसी दौरान उन लोगो ने देखा कि वे जमीन पर खून से लथपथ पड़े हैं। तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## रातू : अधिवक्ता के कार चालक के घर पर इडी ने की छापेमारी

### इडी ने सुजीत सिंह पर बढ़ायी दबिश

- चालक पुत्र को हिरासत में लिया, प्रदीप कुमार गुप्ता फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रवर्त्तन निदेशालय ने हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुजीत कुमार सिंह पर दबिश बढ़ा दी है। उसके रिश्तेदार और कुछ नजदीकी रडार में हैं। टीम की ओर से शनिवार को रातू टोंगरीटोली स्थित श्रीसांई पुरम निवासी और उसके कार चालक प्रदीप कुमार गुप्ता के घर छापेमारी की गयी। हालांकि, वह घर में नहीं था। लेकिन, अधिकारी उसके पुत्र मुन्ना गुप्ता को अपने साथ ले गये। उससे पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है, कि सुजीत सिंह पर रांची के कई सीओ और जमीन कारोबार से जुड़े लोगों से ईडी को मैनेज कर फाइल से हटवाने के नाम पर करोड़ों की वसूली करने का आरोप है। टीम पहले ही उस पर शिकंजा कस चुकी है। उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाये जा रहे हैं।

## कर्ज से परेशान युवक ने खा लिया जहर



मृत युवक की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के दड़दाग चकला निवासी रामयाल साहू का बेटा 39 वर्षीय सतीष कुमार साहू ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है। वह थाना क्षेत्र के उलातु में अपनी पत्नी सोनी देवी व तीन बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि वह बाजार में खौनी बिक्री करता था। शुक्रवार की सुबह वह जहर खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ते देख पत्नी ने पड़ोंस के लोगों की मदद से उपचार के रिम्स ले गई। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि युवक तीन दिन पूर्व किसी बीज दुकान से घांस मारने के नाम दवा जहर खरीद कर घर में छुपा कर रखा था। वहीं पत्नी ने बताया उसने किसी व्यापारी से खैनी उधार लिया था। जिसका थोड़ा सा पैसा देना बाकि था। जिसे लेकर व्यापारी अक्सर बाजार में आकर उसे पैसा की मांग उसके साथा दुर्व्यवहार कर जेल भेजने की धमकी देता था। जिससे वह काफी परेशान था, और पत्नी से बचा लेने के लिए कहा करता था। कभी-कभी वह अर्ध्यविक्षिप्त सा हो जाता था। मृतक के दो बेटा अभिज्ञान साहू, मन्नत साहू व एक बेटी अवंतिका कुमारी है। घटना पर स्थानीय लोगों द्वारा दुख जताते हुए उसके बच्चों के भविष्य के प्रति चिंता जताते हुए कहा सतीष कुमार साहू धार्मिक आयोजनों में भी सहयोग किया करता था।

## एक नजर में

### शिव तांडव और राधा-कृष्ण की झांकी ने झुमाया



नृत्य करते ओडिशा के कलाकार

**ओरमांझी।** दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति आनंदी द्वारा माता के दरबार में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जमेषदपूर, नागपुर व उडीसा के कलाकारों द्वारा भक्ति गीत, भजन के साथ आकर्ष्क झांकी प्रस्तुत की गई। खासकर भक्ति गीतों के साथ राधाकृष्ण व भगवान भोलेनाथ की तांडव नृत्य सहित विभिन्न झांकी की प्रस्तुति ने उपस्थित भक्तों को खूब झुमया। कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा अयोघ्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन से दुर्गा पूजा के साथ देषभर में सभी धार्मिक पर्व-त्योहार में उत्साह बढ़ गया है। जागरण व धार्मिक झांकियां लोगों में अपने धर्म के प्रति भक्ति का संचार करती है। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्प विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व रजिस्टार अमर चैधरी प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, मानकी राजेंद्र साही सत्यनारायण तिवारी, श्यामकिशोर महतो, अजय सिंह, हरिषचंद्र महतो, सुनील नायक, समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, सचिव दीपक कुमार साहू, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, दिलीप साहू ,अंजीत कुमार, शिवप्रसाद साहू, कपिलदेव साहू, राजेश कुमार साहू, जितेंद्र साहू सहित कई लोग उपस्थात थे।

### अहम रूपी रावण का पुतला धू-धू कर जला



**सिकिदिरी।** श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति सिकिदिरी के द्वारा सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में 40 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया गया। मुख्य अतिथि सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा के अग्निवान के लगते ही रावण धू-धू कर जलने लगा। देखते ही देखते रावण का अहम जलकर राख हो गया। थाना प्रभारी ने कहा कि हमें भी अपने अंदर के रावण रूपी विचार को त्यागने की जरूरत है।अच्छे विचारों को अपनाकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान करें। पूजा समिति के अध्यक्ष सिकंदर बेदिया, सचिव उत्तम कुमार दास व कोषाध्यक्ष गुड्डू सिंह ने भी अपने विचार रखे। मौके पर सुजीत कुमार सोनी,विक्की सिंह वालिया,लक्ष्मण सैनी,रणवीर सिंह वालिया,रामजी प्रसाद सिंह,राकेश कुमार,समरेश सिंह,श्रीकांत प्रसाद आदि उपस्थित थे। इधर गेतलसूद कालोनी में बच्चों ने 20 फीट के रावण के पुतले का दहन किया। मौके पर हर्ष सिंह, संजीव सिंह,देव जायसवाल,सृष्टि सौम्या,समृद्धि सौम्या, शौर्य जयसवाल,दीपक वर्मा, सोनू चौधरी,राहुल मिश्रा,टिंकू गोस्वामी, विशु गोस्वामी मौजूद थे।

## समाज में छुपे रावण से रहें सावधान : आदित्य साहू

### रावण दहन

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समितिओं द्वारा अस्तय पर सत्य पर विजय का पर्व विजयादष्मी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर विभिन्न पूजा समित द्वारा रावण दहन व आरकेष्टा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चैधरी द्वारा पूजा समिति ओरमांझी द्वारा बाजार मैदान ओरमांझी, लालबहादुर शास्त्री दुर्गा पूजा समिति शास्त्री द्वारा अंचल मैदान में के अलावे कुच्चू, पांचा आदि स्थानों पर रावण दहन किया गया। इसके अलावे चुटूपालू व बारीडीह में प्रमुख अनुपमा देवी द्वारा रावण दहन किया गया। आदित्य साहू ने विजयादष्मी की बधाई देते हुए कहा धरती से पापियों को मिटाने को युगों से रावण जलता आ रहा है। रावण का दस सिर समाज के दस बुराई व रावण दहन पाप पर अच्छाईयों और असत्य पर सत्य की विजय की प्रतिक है। उन्होने लूट, हत्या, दुष्कर्म, आतकंवाद जैसी घटना का अंजाम देने वालें व समाज में छुपे रावणों से सावधान रहने की अपील किया। वहीं रामटहल चौधरी ने कहा रावण दहन हमें सत्य के मार्ग पर चलने व बुराई से दूर रहने की सिख देती है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख जयगाविंद उर्फ लालू साहू, गोविंदलाल गुप्ता, अजय सिंह, ओमप्रकाश राव, तालकेश्वर साहू, षिवनारायण साहू, राम अवतार लाल गुप्ता, नरेश महतो, शंकर गुप्ता, सत्यमराज कुषवाहा, हरिशचंद्र महतो, धनेष महातो सहित पूजा समिति के पदाधिकारियों के समाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### चान्हो-मांडर में पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**मांडर/ चान्हो।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें चान्हो प्रखण्ड के एन.एच. 75 से बुची पुल तक के पथ की विशेष मरम्मति कार्य, पाटुक खखराटांड तक के पथ की विशेष मरम्मति कार्य, बरहे से कैम्बो पुल तक के पथ की विशेष मरम्मति कार्य, एन.एच. 75 से चोरेया रोड भाया करकट तक के पथ की विशेष मरम्मति कार्य और एन.एच. खेलारी रोड चोरेया मोड़ से तरंगा तक के पथ की विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास कार्य समेत अन्य शामिल है।

## विधायक ने हरी झंडी दिखा कर शक्तिकुंज एक्स. को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** शक्तिकुंज एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव मैक्लुस्कीगंज स्टेशन में पुनः हुआ। ट्रेनों का ठहराव को लेकर रेलवे द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कांके विधायक समरी लाल व विशिष्ट अतिथि लपरा मुखिया पुतुल देवी, सीनियर डीईएन 1 मयंक अग्रवाल,एसीएम धनबाद विजय कुमार गोंड, एटीएम सतेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू,जितेंद्र नाथ पांडेय मौजूद थे। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि कई दिनों के प्रयास के बाद शक्तिकुंज मैक्लुस्कीगंज स्टेशन में ठहराव हुआ। जिसके लिए राँची सांसद महोदय का बड़ा योगदान रहा। वही स्टेशन परिसर में झाड़ियों को देख कर स्टेशन प्रबंधक को साफ सफाई रखने की बात कही। वही ट्रेन स्टेशन परिसर में पहुंचते ही ट्रेन के चालक व उपचालक को पुष्पगुच्छ व फूल माला पहनाकर स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर टीआई उमेश कुमार,क्लर्क संजय खलखो, वरुण भगत मौजूद थे।

## सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

### मां को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** बंगाली समुदाय राहे के द्वारा विजयादशमी पर सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। विवाहित महिलाओं ने विधि विधान के साथ विदाई पूजा कर माँ दुर्गा की मूर्ति पर सिंदूर लगाया। इसके बाद महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाये। सिंदूर खेला के बाद प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया। राहे में लोगों ने बलि प्रथा के साथ नवमी की पूजा किया।प्रखंड में सभी पूजा समितियों ने शनिवार देर शाम तथा कुछ समितियों ने रविवार शाम तक विसर्जन किया। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थे।देर शाम राहे गड़बाड़ी मैदान में रावण दहन ओर आतिशबाजी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मौके पर थाना प्रभारी फैज रब्बानी, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, सुरेन्द्र प्रजापति, विनोद रक्षित आदि मौजूद थे। इधर राम जानकी मंदिर मांझीडीह-कुबाडीह के तत्वाधान में रविवार को रावण दहन कार्यक्रम किया गया। इसमें कई लोग मौजूद थे।

## गांडेय विधायक कल्पना सोरेन समाज से मांगें माफी : संगम उरांव

### सरना गमछा के अपमान पर आरएसीएस का विरोध

शेख मुजिबुल



**रातू।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की ओर से आदिवासियों के प्रतीक चिन्ह सरना गमछा का अपमान किये जाने का आरोप लगाते हुये इस पर कड़ा एतराज किया है। श्रीमती सोरेन गमछे में बैठी दिखायी दे रहीं हैं, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। अध्यक्ष संगम उरांव ने कहा कि उन्हें समाज से माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संगठन धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाएगा, उसके खिलाफ संघ आरपार की लड़ाई के लिये तैयार है। श्री उरांव ने चुनाव, रैली और सभाओं में पवित्र सरना झंडे के दुरुपयोग पर भी गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरना झंडा धर्म का प्रतीक है। इसका उपयोग सिर्फ सरनास्थल, अखरा, धमकुरिया और सामाजिक कार्यों में किया जाना है। वह रविवार को दैनिक खबर मंत्र से खास बातचीत कर रहे थे।

**गीत-नृत्य से न हो नेताओं का स्वागत**

श्री उरांव ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से गमछे का दुरुपयोग संघ के गले नहीं उतर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेताओं का स्वागत आदिवासी गीत-नृत्य के जरिये कर संस्कृति को महज मजाक बना दिया गया है। उन्होंने लोगों से जागरूक बनने और प्रतीक चिन्ह की रक्षा कर इसकी गरिमा बनाये रखने की अपील की है।

# रातू राजकिला में नम आंखों से दी गई मां को विदाई

### दशहरा मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब ठेला-खोमचा वालों की रही चांदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** राजकिला में शनिवार की शाम शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन किया गया। मां भवानी को अश्रुपूर्ण विदाई दी गयी। माता की जयकारे से माहौल भक्तिमय था। महानवमी को बलि के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत, कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव व पृथ्वीनाथ शाहदेव भी थे। श्रद्धालुओं ने भगवती के दर्शन-पूजन कर मन्नतें की। किला मैदान में आयोजित दो दिनी दशहरा मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी। मेलार्थियों ने केतारी व मिठाई समेत घरेलू चीजों की खरीदारी की। ठेला-खोमचा, चाऊमीन, श्रृंगार प्रसाधन व पूजा सामग्री वालों की चांदी रही। मेले में दर्जनों लोगों की जेब कटी। पाबंदी के बावजूद महुआ शराब खूब बिकी। पेयजल की व्यवस्था थी। नियंत्रण कक्ष और गुमसुदा केंद्र भी थे। सीएचसी ने चिकित्सा शिविर लगाया। सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। थानेदार आरएन सिंह ने इसकी कमान संभाली। पूजा और मेले में शांति बनी रही। पूरे क्षेत्र से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।





### राजकुमारी ने जताया आभार

राजकुमारी माधुरी मंजरी ने किले की दुर्गा पूजनोत्सव व मेला के शांतिपूर्ण समापन पर खुशी का इजहार किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी तथा प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारी, जवान और श्रीसाई स्वयंसेवी संस्था के प्रति आभार प्रकट किया है।

### कमड़े और झिरी में लगा दशई जतरा

कमड़े और झिरी में रविवार की शाम दशई जतरा लगा। इसमें दर्जनों खोड़हा मंडली पारंपरिक वेश-भूषा में शामिल हुये और गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। मांदर की थाप पर युवक-युवती थिरक उठे। यहां आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। अतिथियों के हाथों खोड़हेधारी पुरस्कृत किये गये। पाहन ने ईष्ट देवता को मुर्गे की बलि दी गई और सुख-शांति की कामना की।

### रावण दहन में भीड़ उमड़ी

बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा, झखराटांड़ और कटहल मोड़ में दशमी की शाम रावण दहन किया गया। कुंभकरण और मेघनाथ भी जलाये गये। पटाखे से वातावरण गुंजायमान रहा। वहीं, आतिशबाजी से क्षेत्र जगमगा उठा। तीनों जगह करीब एक लाख से भी अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। महाभंडारे में हजारों की भीड़ उमड़ी।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार. 14 अक्टूबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# रिकार्ड रक्षा निर्यात

रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि 2023-24 में देश का रक्षा निर्यात 22,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े पर पहुंच गया। निर्यात की यह रकम 2013-14 से अब तक 31 गुना बढ़ चुकी है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में निर्यात 32.5 फीसदी गुना बढ़ा है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3,885 करोड़ रुपये से 78 फीसदी अधिक था। पिछले दिनों रक्षा निर्यात को और गति मिली, जब निजी क्षेत्र की देसी रक्षा विनिमार्ता टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने मोरक्को की रॉयल आर्म्ड फोर्सेस के साथ समझौते की घोषणा की। इस समझौते के तहत मोरक्को की सेना के जवानों को ले जाने के लिए बख्तरबंद वाहन बनाए जाएंगे। इन्हें व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म्स या व्हाप 88 कहा जाता है। इन्हें मोरक्को के कासाब्लांका में बनाया जाएगा। यह पहला मौका है, जब कोई भारतीय रक्षा विनिमार्ता देश से बाहर रक्षा विनिर्माण कारखाना लगा रही है। यह मोरक्को का भी पहला बड़ा रक्षा विनिर्माण संयंत्र होगा। व्हाप के आकार, सुरक्षा, तरह-तरह के इस्तेमाल और कम कीमत को देखते हुए माना जा रहा है कि उपद्रव से जूझ रही अफ्रीकी सेनाएं इसे खरीदने के लिए आकर्षित होंगी। देश के रक्षा निर्यात में तेजी का कुछ श्रेय कीमत की सीढ़ी पर हमारी उछाल को भी जाता है। दशक भर पहले भारत कम कीमत के गोला-बारूद और हथियार ही निर्यात करता था। आज हम तेजस हल्के लड़ाकू विमान, पिनाक मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसे महंगे हथियार प्लेटफॉर्म पूर्वी एशियाई देशों को बेच रहे हैं, जिनमें वियतनाम, मलेशिया और फिलिपींस शामिल हैं। एक ब्रह्मोस मिसाइल की कीमत करीब 36.5 लाख डॉलर है। दिलचस्प है कि दस साल पहले हम साल में कुल इतनी कीमत का रक्षा निर्यात कर पाते थे।

## आज का राशिफल

**मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8**

**वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8**

**मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9**

**कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9**

**सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7**

**कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8**

**तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7**

**वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8**

**धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8**

**मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9**

**कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9**

**मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6**

## कार्टून वर्ल्ड



# हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद



**-योगेन्द्र योगी**

> कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है।

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं।

लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया।

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है।

देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरूआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा।

राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरू हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी। नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए। इसका फायदा उठा कर कट्टर नक्सलियों को युवाओं को बहकाने का मौका मिल गया। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने दो स्तरीय नीति बनाई। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राहत पैकेज और हिंसा करने वालों के प्रति सख्ती की नीति अपनाई। इसी के तहत राज्यों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान किया गया। इनके पुनर्वास की योजना को मंजूरी दी गई। विवाह करने के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया ताकि युवा हिंसा का रास्ता छोड़ कर परिवार-समाज के साथ सामान्य जीवन बिता सकें। इसके अलावा केंद्र और राज्य संयुक्त तौर पर नक्सलियों से निपटने की रणनीति पर लगातार कार्यरत हैं। नक्सलियों के राहत पैकेज की रफ्तार बेशक धीमी हों, किन्तु इसका फायदा उठा कर अब तक बड़ी संख्या में युवा हथियार छोड़ कर सामान्य जीवन व्यतीत करने में सफल रहे हैं।

नक्सलियों पर सुरक्षा बलों पर दवाब के साथ जरूरत इस बात की है कि विकास की रफ्तार तेज की जाए। नक्सलवाद के जड़ सहित खात्मे के लिए दवाब और विकास की रणनीति जरूरी है। सच्चाई यह भी है कि नक्सल प्रभावित राज्यों में जिस तेजी से विकास होना चाहिए था, वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ है। नक्सल प्रभावित इलाके आज भी पानी, बिजली, स्कूल-अस्पताल और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहें है। पिछड़ेपन के ऐसे हालत नक्सलवाद के कुप्रचार का रास्ता आसान बनाते हैं। दशकों तक राज्यों में नक्सली हिंसा की मूल वजह भी विकास में पिछड़ापन रही है। इसके अलावा सरकारी स्तर पर भ्रष्टाचार और लालफीताशाही ने नक्सलवाद की आग में घी का काम किया है। ऐसे हालात ने नक्सली विचारधारा को पनपने और फलने-फूलने के लिए वातावरण तैयार किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विकास का आकर्षण नक्सलियों को हथियार डालने के लिए प्रेरित करेगा। देश के अन्य हिस्सों की तरह दुगर्म नक्सली इलाकों में विकास की रफ्तार तेज करनी होगी। नक्सली क्षेत्रों में समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पैकेज को प्रचार माध्यमों के जरिए प्रभावी बनाना होगा। राहत पुनर्वास पैकेज की जानकारी नही होना भी नक्सलियों के मुख्यधारा में शामिल नहीं होने में प्रमुख बाधा बनी हुई है। इन बाधाओं को हटा कर ही देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में अमन-चैन कायम किया जा सकता है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## एक्स - ट्वीट

**जिस** दवा को पूरी दुनिया में पाबंदी लगाई दी गई थी। वह दवा ये लोग देश में बांटते रहे, उसके बदले चंदा लेते रहे। इन्होंने फर्जी दवा देकर पूरे देश के लोगों के साथ धोखा किया। इसका परिणाम है कि आज उत्पाद सिपाही भर्ती में हमारे नौजवानों की मौत हुई और इनकी यह चोरी भी पकड़ी जाएगी।

**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**

झारखंड वालों,

मैं आज आपसे ये कहने आया हूं कि हम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाएंगे।

ताकि कोई विदेशी घुसपैठिया अपना आधार कार्ड न बनवा पाए, वोटर लिस्ट में अपना नाम न लिखवा पाए।

**- शिवराज सिंह चौहान,**
केन्द्रीय कृषि मंत्री

# साहित्यकार रणेन्द्र को 2024 का कथाक्रम सम्मान

## साहित्य

रजनी गुप्त वर्ष 2024 का 'आनन्द सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान' चर्चित कथाकार रणेन्द्र को दिया वीरेन्द्र सारंग जाएगा। कथाक्रम सम्मान समिति, जिसमें कथाक्रम संयोजक शैलेन्द्र सागर, वरिष्ठ कहानीकार शिवमूर्ति, रंगकर्मी राकेश व चर्चित लेखिका रजनी गुप्त सदस्य हैं, ने यह निर्णय लिया।

04 मार्च 1960 को जन्मे रणेन्द्र हिंदी कथा साहित्य के विशिष्ट एवं चर्चित कथाकार हैं। झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर अपने दायित्वों का पूरी योग्यता और दक्षता से निर्वहन करते हुए वह 2020 में सेवानिवृत्त हुए और बाद में अप्रैल 2024 तक वह झारखंड सरकार के जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक के रूप में कार्यरत रहे। साथ ही कथा साहित्य में उनकी सक्रियता बनी रही। 2003 में प्रकाशित अपने पहले उपन्यास 'ग्लोबल गांव का देवता' से वह हिंदी साहित्य जगत में चर्चा में आए। वर्ष 2014 में उनका दूसरा उपन्यास 'गायब होता देश' भी अत्यंत चर्चित हुआ किंतु 2021 में प्रकाशित उनके तीसरे उपन्यास 'गूंगी रुलाई का कोरस ने अपनी विशिष्ट कथावस्तु और प्रस्तुति के कारण उन्हें अपूर्व प्रतिष्ठा प्रदान की। इन उपन्यासों में रणेन्द्र ने आदिवासी जीवन, समाज और संस्कृति का अत्यंत प्रामाणिक आख्यान प्रस्तुत कर हिंदी कथा साहित्य को समृद्ध किया है । उपन्यासों के अतिरिक्त उनके दो कहानी संग्रह 'रात बाकी एवं अन्य कहानियां' व 'छप्पन छुरी बहत्तर पेंच और एक कविता संग्रह प्रकाशित हैं। उन्होंने चार खंडों में प्रकाशित 'झारखंड एनसाइक्लोपीडिया' का भी संपादन किया है।

रणेन्द्र को जे. सी. जोशी स्मृति जनप्रिय लेखक सम्मान, बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान, पहला विमलादेवी स्मृति सम्मान, वनमाली कथा सम्मान, श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान, ढींगरा फैमिली फाउंडेशन अंतर्राष्ट्रीय कथा सम्मान, प्रेमचंद कथा सम्मान आदि से समादृत किया जा चुका है।



उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष एक कथाकार को प्रतिष्ठित 'आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान' दिया जाता है जिसके अंतर्गत इक्कीस हजार रुपए धनराशि, सम्मान चिन्ह व पत्रक प्रदान किया जाता है। विगत सालों में संजीव, कमलाकांत त्रिपाठी, चंद्रकिशोर जायसवाल, मैत्रेयी पुष्पा दूधनाथ सिंह, ओमप्रकाश बाल्मीकि शिवमूर्ति, असगर वजाहत, भगवान दास मोरवाल, उदय प्रकाश, प्रियंवद, मधु कांकरिया, महेश कटारे, अब्दुल बिस्मिल्ला, स्वयं प्रकाश, तेजिन्दर, जयनंदन, नासिरा शर्मा, अखिलेश, राकेश कुमार सिंह, जया जादवानी, मनोज रूपड़ा, एस आर हरनोट, नवीन जोशी, पंकज मित्र, हृषीकेश सुलभ एवं योगेन्द्र आहुजा को यह सम्मान दिया जा चुका है।

यह सम्मान 'कथाक्रम 2024 समारोह के अवसर पर दिनांक 09 नवम्बर 2024 को लखनऊ में प्रदान किया जाएगा। बत्तीसवां समारोह का विवरण।

कथा क्रम- 2024हिन्दी कथा साहित्य पर केन्द्रित अखिल भारतीय आयोजन

सिंयोजन समिति शिवमूर्ति राकेश

**रणेन्द्र संपर्क 09431114935**

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत

## समाज

**आर.के. सिन्हा**

**भारत** अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़ कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देशभर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोजाना चार-पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ा कर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल, मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व है। यहां जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे, जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिलजुल कर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण हिस्सों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील का सफर कर यहां आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों के सेवा विस्तार से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है। वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक 'में जब औसत उम्र कम थी तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़ कर 58 वर्ष हुई और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष। 2017 में केंद्र सरकार के डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई थी, ताकि अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों को अधिक समय तक बनाए रखा जा सके।

अब वक्त का तकाजा है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ाया जाए।

अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में 300 लोगों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शनिवार को भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक ने शीतला माता की पूजा-अर्चना कराया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। फूड फॉर हंगर के तहत करीब 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी खीर प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मानव सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, डॉ राजेंद्र महतो,अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, निर्मल अग्रवाल, डॉ एमके मंजुल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देव का विशेष योगदान रहा।

### कुजू में मां की प्रतिमा विसर्जन



कुजू। कुजू व आस-पास के क्षेत्रो में मां की प्रतिमा विसर्जन हुआ। नौ दिनों तक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से पूरा वातावरण गुंजता रहा। जगह-जगह पर धार्मिक कार्यक्रम,भजन-कीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया गया था। प्रतिमाओं को वाहन में सजाकर जयकारे का नारा लगाते हुए गावं में भ्रमण कराया गया। भ्रमण के बाद प्रतिमा पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान पहुंची। जहां पर बने विशाल रावण के पुतला को दहन किया। इससे पूर्व जमकर आतिशबाजी हुई। जिससे पूरा आसमान सतरंगी हो गया। इधर क्षेत्र के मुरपा पूजा समिति, कुजू कोलियरी, करमा, दिगवार, रतवे, तोपा, ओरला, आरा, सारूबेड़ा आदि स्थानों में रावण दहन के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर मा दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर सभी के आखें नम थी। इधर कुजू पुलिस द्वारा सुरक्षा- व्यवस्था का पूरा इंतजाम किया गया था।

### कुजू में युवक का शव बरामद

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के दिगवार से बूढ़ाखाप जाने वाले सड़क पर (बूढ़ा बोन ) के समीप शनिवार की सुबह संदेहात्मक स्थिति में एक युवक के शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव मिलने की खबर जैसे लोगो को मिली वैसे ही लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुटने लगी। शव की पहचान पंडा टोला दिगवार निवासी योगेंद्र कुमार (24 वर्ष) पिता बालेश्वर महतो के रूप में की गई। वही घटनास्थल पहुंचे परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम मृतक अपनी टीवीएस आपाची संख्या जेएच 24 डी 4055 को लेकर घर से निकला था। लेकिन काफी देर रात तक वह घर नहीं लौटा। जब सुबह लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो सड़क किनारे शव पर नजर पड़ी। यहां शव देखने के पश्चात तरह तरह की चर्चा होने लगी। कई लोग हत्या तो कई लोग इसको सड़क दुर्घटना बता रहे थे। वही परिजन शव को चुपचाप घर ले गए। लेकिन घर वालों को लगा कि ये हत्या हो सकती है तो उन्होंने इसकी सूचना कुजू पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही मृतक के पिता बालेश्वर महतो ने अपने ही दामाद पोचरा गिरी मुहल्ला निवासी नितेश गिरी पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद कुजू पूछताछ के दामाद को ओपी लाया।

### शीतला मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। मां शीतला मंदिर में चार दशक से भी अधिक समय से दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मां नवरात्र का पाठ होते आया है। शारदीय और चौत मास के दोनो नवरात्रा में कलश स्थापना और नव कन्या पूजन की जाती है। मां शीतला मंदिर में नवमी को पुष्पांजलि हवन के साथ नवरात्र पूजन का समापन हुआ। हवन के बाद नौ कन्याओं को पूजन कर भोजन करवाया गया। इस दौरान पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा भगवती पाठ, हवन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मौके पर उत्तम सिन्हा, शंकर सिंह, राजन सिंह सहित दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

### कुरसे में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरसे गांव में दुर्गा पूजा के अवसर अष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम उद्घाटन विधायक अम्बा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में राज ग्रुप की नंदनी, पवन, क्यूब रवानी, सोनी, मोनी, नंदनी, माही आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हिन्दी, भोजपुरी व नागपुरी गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को रात भर झुमाए रखा। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि हमारे पर्व-त्यौहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मनोरंजन करने का अवसर मिलता है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद के साथ अंजन प्रसाद, विनोद साव, योगेंद्र सिंह खरवार, चंदन साव सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष किशुन दयाल सिंह, सचिव सुमित राज, कोषाध्यक्ष ब्रमदेव यादव, संतोष तुरी, उपाध्यक्ष गणेश बेदिया, संदीप कुमार सिंह, राजेंद्र तुरी, भूषण करमाली, रविंद्र बेदिया, नंदकिशोर तुरी, अजीत तुरी, मोती बेदिया, विवेक सिंह, ममता देवी, रूबी कुमारी, शकुंतला कुमारी, किरण, फुलेश्वर राम, वीरेंद्र यादव, हरिचरन करमाली, राणा प्रताप सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

# रावण दहन में उमड़ी भीड़

## अच्छाई के मार्ग पर चलने की सीख देता है दशहरा : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता







**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर के नेतृत्व में शनिवार को रावण दहन फुटबॉल ग्राउंड में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल ,विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक एवं कमिटी के मुख्य संरक्षक शंकर चौधरी,पूर्व प्रत्याशी भाजपा रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस बजरंग महतो मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष दीपक सोनकर और संचालन समाज सेवी कमल बगड़िया ने किया। मीडिया प्रभारी सार्यजित चौधरी ने बताया कि इस बार कार्यक्रम का मुख्य केंद्र आतिशबाजी और छउ नृत्य था । जिसकी दर्शकों ने खुब तारीफ की।

कार्यक्रम में पहुंचे सांसद मनीष जयसवाल ने महादश्मी की बधाई देते हुए कहा कि आज सार्वजनिक रूप से हम जिस रावण के पुतले को जलाते हैं वो प्रतीक है एक बुराई और अधर्म का। जिसने ये अहंकार पाल लिया था की वही श्रेष्ठ है। साथ हीं उन्होंने भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं और आयोजनकर्ता को उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में बुलाने पर आभार व्यक्त किया।

पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा दशकों पहले मेरे द्वारा शुरू किया गया रावण दहन कार्यक्रम आज इतनी भव्यता ले चुका है कि हजारों लोगों मनोरंजन होने के साथ दशमी के बाद सुनसान हो जाने वाले रामगढ़ में अब हजारों आसपास के निवासी जुटते हैं । साथ हीं इस मंच के सार्वजनिक होने का सुबूत यही है कि इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मौजूद हैं।

अध्यक्ष दीपक सोनकर ने बताया की इस बार अचानक कमेटी ने मुझे ये जिम्मेवारी सौप दी थी और तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलने के बावजूद मैने सभी के सहयोग से इस कार्यक्रम को संपन्न करवाया । जिसमें कमेटी के कुछ पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । साथ हीं पुलिस प्रशासन का आपेक्षित सहयोग प्राप्त होने से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो पाया । इसलिए उनका भी धन्यवाद। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा रावण के पुतले को आग लगाने के बाद रावण दहन कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। मौके पर महेंद्र मुंडा , रवि गुप्ता,रंजन फौजी,वरिष्ठ महासचिव नमेंद चंचल,रंजन सिंह,प्रदीप शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर,दीपक मिश्रा,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रो.आलोक सिंह,ब्रजेश पाठक,अजीत गुप्ता,सतीश गुप्ता,गौतम सिंह,रूबल सिंह, राहुल शर्मा,धीरज साहू, मणिशंकर ठाकुर,राजीव झा,सिंधु झा,किरण देवी, राहुल गुप्ता,इंद्रजीत राम,तुलेश्वर पासवान,माधु सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# हजारीबाग से मुंबई जाना हुआ आसान

अमित सहाय

**गया, कोडरमा, हजारीबाग और बरकाकाना होते हुए मुंबई के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेन शुरू : जायसवाल**



हजारीबाग/कटकमदाग। रेलवे ने झारखंड के लोगों को विजयादशमी का तोहफा दिया है। रेल मंत्रालय इस विजयादशमी पर कोडरमा, हजारीबाग और बरकाकाना होते हुए मुंबई के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेन की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर दिया है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल रविवार को हजारीबाग के कूद रेलवे स्टेशन पहुंचे और इस ट्रेन को शाम 6:35 में हरी झंडी दिखाई। साथ ही उन्होंने रेल मंत्रालय की इस पहल को राज्य के लोगों के लिए विजयादशमी का तोहफा बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दशहरा के विजयादशमी के पावन अवसर पर रेलवे की यह सौगात हजारीबाग के लोगों के लिए अनूठी है। उन्होंने इस नई ट्रेन की सौगात और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने भी कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि हजारीबागवासियों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी हो गई है। ज्ञात हो की यह ट्रैन

बिहार के गया जंक्शन से शुरू होकर यह नई ट्रेन कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक, कल्याण होते हुए अपने गंतव्य लोकमान्य टर्मिनल पहुंचेगी। गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के बीच शुरू होने वाली नई ट्रेन गया से शाम 7 बजे रवाना होगी और 34 घंटे 50 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जो रांची-जमशेदपुर-नागपुर होते हुए जाएगी। ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनल से रात 10:50 बजे रवाना होगी और 38 घंटे 25 मिनट में गया पहुंचेगी। यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस से फिलहाल सप्ताह में एक दिन चलेगी। बाद में इसे बढ़ा के चार दिन कर दिया जाएगा। . यह ट्रेन 22 एलएचडी कोचों से बनी है और इसका प्राथमिक रखरखाव गया में किया जाएगा।

### पदमा मे पेड़ से टकरायी स्कॉर्पियो, छह घायल

**पदमा ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमा इटखोरी मार्ग पदमा स्थित शशि मेडिकल हॉल के समीप दिन शनिवार देर रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। संतुलन खोने के बाद स्कॉर्पियो सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो में आग लग गई। गनीमत रहा की वहां कुछ ग्रामीण उपस्थित थे, ग्रामीणों ने तुरंत स्कॉर्पियो मे सवार लोगो को बाहर निकाला और घायलो को बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सभी लोग सरैया मेला देखने जा रहे थे इसी क्रम मे गाड़ी का संतुलन खोया और पेड़ से टकरा गई। घायलों की पहचान रणवीर यादव , सनी यादव, , जीतन ओझा,, कुलदीप रविदास रविदास, शोमित सिंह पिता संजय सिंह, देव कुमार, पिता भैरव साव की पहचान पदमा निवासी के रूप मे हुई ।

### अंबा प्रसाद ने हरली में डिग्री कॉलेज का किया शिलान्यास

बड़कागांव। विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड के हरली पंचायत स्थित बुध बाजार निकट डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का किया। शिलान्यास से पूर्व ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद को हरली मंदिर मुख्य चौक से तासा पार्टी ढोल नगाड़े एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य चौक से शिलान्यास स्थल तक जुलूस निकाला गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य के साथ-साथ मेरा लक्ष्य की शिक्षा को दुरुस्त करना। ग्रामीणों का कर्तव्य है कि सही तरीके से अपनी देखरेख में भवन का निर्माण कराएं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, अंकित राज ,पूर्व डीएसपी मुटुकधारी महतो,कविता देवी, महेंद्र महतो, अजीत कुमार,बालेश्वर कुमार,चंद्रिका साव,सुरेश महतो, मनोज ठाकुर,जगत नंदन प्रसाद,पंकज व्यास,पसस कौशल्या देवी,त्रिवेणी महतो व अन्य उपस्थित थे।

## रावण दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट के आवासीय कॉलोनी स्थित स्टेडियम ग्राउंड में शनिवार शाम रावण दहन हुआ। बंगाल से आये कलाकारों ने आतिशबाजी का अद्भुत नजारा दिखाया। रावण दहन कार्यक्रम के बाद पूजा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया और लोग देर रात तक मेले का मजा लिया। रावण दहन में गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिप अध्यक्ष सुधा देवी, रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद ने रावण, मेघनाथ के पुतलों पर आग लगाया। चौधरी ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। रावण ज्ञानी था, यह बात सब जानते हैं लेकिन अहंकार के कारण उसका ज्ञान बेकार था। रावणरूपी अहंकार को मारने और रामराज्य के लिए हमलोगों को मन में बैठे को मारने का संकल्प लेना होगा, तभी रावण दहन के मकसद को सार्थक किया जा सकता है। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत बुके देकर, अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया गया। मौके पर समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी, जगदीश महतो, झलकु महतो, महेंद्र मिस्त्री सहित अमृतलाल मुंडा, सीडी सिंह, मुकेश सिन्हा, राजेश गोल्डी, किशोरी प्रसाद, आरपी सिंह, रविन्द्र प्रसाद वर्मा, अनिल प्रसाद, सुरेश राम, सेवई दक्षिणी मुखिया किरण देवी, सरिता देवी, अरुण चौधरी, धनेश्वर राम, शुभम गुप्ता सहित कई मौजूद थे।

### दक्षिणेश्वर काली मंदिर में कन्या पूजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित दक्षिणेश्वर कालीमंदिर में नवरात्र पाठ का समापन नवमी पूजन, हवन नव कन्या पूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूजा में बतौर यजमान विजय वर्मा, माता निर्मला देवी शामिल हुई। हवन के बाद नव कन्या पूजन और प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मंदिर के संस्थापक किशोरी वर्मा ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। पूजन-अनुष्ठान में मंदिर की पुजारन आशा देवी, विजय वर्मा, अजय वर्मा, राजा वर्मा, मुकेश वर्मा, शिवम कुमार, भीम कुमार, अर्श, सूरज, पूनम देवी, सोनी देवी, मीनू देवी, नेहा देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। हवन को संपन्न कराने में मंदिर के संस्थापक किशोरी वर्मा, निर्मला देवी सहित पूरे परिवार का विशेष योगदान रहा।

# कोयलांचल में दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न

**सच्ची मन से मन्नतें मांगने वालों हर मनोकामना पूर्ण करती हैं दुर्गा : अंबा प्रसाद**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसके पूर्व दुर्गा पूजा के नौंवे दिन नवमी के अवसर पर शुक्रवार को मां सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित राधे मोहन मिश्रा और रंजीत मोहन मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद कन्या पूजन व भोजन आदि अनुष्ठान हुए। तत्पश्चात हवन, पुर्णाहूति आदि धार्मिक अनुष्ठान के बीच शनिवार को पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति उदघोषों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। कोयलांचल के भुरकुंडा थाना चौक, पटेलनगर, बिरसा चौक, हॉस्पीटल कॉलोनी, जवाहरनगर, सौंदा डी, रीवर साईड, सेंट्रल सौंदा, भदानीनगर क्षेत्र के आईएजी ग्लास फैक्ट्री, चोरधरा, कुरसे, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, रसदा, लबगा, गेगदा सहित अन्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। विजयदशमी के दिन शनिवार को अश्रु भरे नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को पतरातू डैम सहित अन्य जलाशयों में विसर्जित किया गया। वहीं कई क्षेत्रों में रविवार को नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के प्रतिमाओं का विजर्सन किया गया। इधर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के समक्ष मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अंबा प्रसाद ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। विधायक ने कहा कि मां दुर्गा सच्ची मन से मन्नतें मांगने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साहु व राजकिशोर पांडेय, जयंत तुरी, अंजन प्रसाद, विनोद साव, चंदन साव सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे। पूजा को ले विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल थाना थाना प्रभारी दल-बल के साथ मुस्तैदी से डटे रहें। इधर जवाहर नगर, रिक्रेशन क्लब थाना मैदान, सेंट्रल सौंदा, आईएजी ग्लास फैक्ट्री, सयाल सहित अन्य क्षेत्रों में विजयदशमी के दिन रावन दहन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## एक नजर में

### रावण दहन में सांसद व प्रदीप प्रसाद शामिल

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के डेमोटांड में रावण दहन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद भी मौजूद रहे । इस अवसर पर सांसद मनीष जयसवाल ने दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजयदशमी अन्याय पर न्याय, दुराचार पर सदाचार, असुरत्व पर देवत्व, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को इस पर्व की शुभकामनाएँ दीं और जीवन में इन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व है। हमारी यही प्रार्थना है कि यह पर्व सभी के जीवन में शुभता और कल्याण लेकर आए। इस आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया ।

### चरही में नवरात्र धुमधाम के साथ संपन्न

**चरही ।** चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में नव दिवसीय दुर्गा पूजा धुमधाम के साथ समापन हो गया ।नव दिनों तक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से पूरा वातावरण गुंजता रहा ।इस अवसर पर जगह-जगह पर धार्मिक कार्यक्रम,भजन कीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया गया था ।दुर्गा पूजा पंडालों के समीप श्रद्धालुओं की भीड़ नव दिनों तक दिन-रात लगी रही ।भगवती दुर्गा की पूजा और दर्शन कर काफी उत्साहित रहे ।सड़कों और गलियों को विधुत सजा से सजया गया था ।चारों और इस साज-सजा से चक्काचौंध रहा ।सभी ओर खुशियां ही खुशियों का माहौल था। महानवमी के दिन भगवती दुर्गा की अंतिम स्वरुप सिद्धिदात्री और महागौरी की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ किया गया ।महाआरती के उपरांत लोगों के बीच पंचामृत और महाप्रसाद का वितरण किया गया ।शाम को खिचड़ी के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया ।रात्री में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया ।विजयादशमी के दिन पुन:देवी की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई ।साथ ही दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया ।सुदूरवर्ती के लोग दोनो दिन मेले का आनंद लेते रहे ।तथा संध्या काल में बिरसा खेल मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम किया गया ।जिसको देखने सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।विजयदशमी के दूसरे दिन भी लोगों ने मेले का भरपुर आनंद लिए ।एकादशी के दिन संध्या को भगवती दुर्गा सहित अन्य प्रतिमाओं को वाहन में सजाकर जयकारे का नारा लगाते हुए गावं में भ्रमण कराया गया ।देर रात चरही शिव मंदिर स्थित तलाब पहुंच कर सभी प्रतिमाओं को विधिवत पूजा अर्चना कर अंतिम विदाई दी गई ।इस अवसर पर सभी के आखें नम थी ।चरही श्री-श्री दुर्गा पूजा कमिटी और स्थानीय पुलिस और प्रखंड प्रशासन के लोग इस पूजा को सफल बनाने में लगे रहे।

### सीकरी ओपी का एसपी ने किया उद्घाटन

बड़कागांव। प्रस्तावित सिकरी पुलिस स्टेशन का आधिकारिक उद्घाटन एसपी हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह और पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट परियोजना प्रमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसडीपीओ बडकागांव और एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए ।ओपी खुलने से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
सिकरी पुलिस स्टेशन की स्थापना सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निर्धारित है, विशेष रूप से एनएमएल पकरी बरवाडीह और क्षेत्र के अन्य कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स के लिए। यह पहल स्थानीय अधिकारियों की समुदाय और आसपास के संचालन की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### दारु में नम आंखों से दी गयी मां की विदाई

**दारु।** दस दिनों तक चलने वाला माँ दुर्गा की पूजा का त्योहार दशहरा शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। प्रखंड के श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दारु बक्शीडीह, सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति दारु खैरका,दुर्गा पूजा समिति पुनाई मे गाजे बाजे के साथ माता की प्रतिमा को शनिवार को बिसर्जित कर दिया गया। सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति झुमरा मे रविवार को माता की प्रतिमा का बिसर्जन किया गया। बिसर्जन जुलुस मे बड़ी संख्या मे माता के भक्त दुर्गा माता के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए और नम आँखों से माता रानी को विदा किया ।इससे पूर्व विजयादशमी के मेले मे भी भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी और लोग पूरे परिवार के साथ मेले का आनंद उठाते हुए नजर आये। दारु और झुमरा मे बंगाल की टीम द्वारा पेश किया गया छउ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। दारु मे माता की प्रतिमा को भक्तगण अपने कांधे पर उठाकर बिसर्जन के लिए ले जाते है जिसे उठाने के लिए भक्तो मे होड़ लगी रहती है।

### गौ तस्करों पर मामला दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

**दारु।** सुल्तानी रविदास टोला के ग्रामीणों ने दो गौ तस्करो को पकड़कर थाना को सौंप दिया । दारु थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़े गये दो युवकों के खिलाफ अवैध गौ तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत मे भेज दिया ।यह घटना सोमवार की सुबह की है जब दारु जबरा निवासी शौकत अंसारी के दो पुत्र शोयब अख्तर और सोहैल अंसारी एक बाइक से गाय को लादकर . सुल्तानी यादव टोला से जबरा जा रहा था, तभी ग्रामीणों की नजर पड गयी। ग्रामीणों ने बाइक को रोककर पूछताछ शुरू किया तब पता चला कि दोनो युवक प्रख्यात गौ तस्कर शौकत अंसारी के पुत्र है और वे भी अब गौ तस्करी के कार्य मे जुड़ गये है। इस मामले की जानकारी थाना प्रभारी को मिलने के बाद त्वरित करवाई करते हुए दोनो युवक को हिरासत मे ले लिया और दारु थाना मे कांड संख्या 116/24 मे दोनो के खिलाफ सुसंगत धारा मे मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस घटना की सूचना पर एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, अंचल इंस्पेक्टर साहीद रजा भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, बलदेव बाबू,संजय कुशवाहा, संदीप कुमार, प्रकाश राणा, बीरेंद्र यादव,विकाश यादव ,छोटू राम, सुरेश राम, बैजनाथ राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चंदौल में काली पूजा कमिटी का गठन

**बड़कागांव।** ग्राम चंदौल में काली पूजा को लेकर बैठक काली पूजा मंदिर प्रांगण में रखी गई जिसकी अध्यक्षता असेश्वर राम ने की। बैठक में पुराने साल का आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवम नए कमिटी का निर्माण सर्वसम्मति से किया गया जिसमे अध्यक्ष शिबू महतो,सचिव अवधेश सिंह एवम कोषाध्यक्ष सूरज दास बनाये गए ।वही काली मंदिर नव निर्माण का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया ।जिसका भूमि पूजन अष्टमी की रात्रि को किया जएगा जिसमे सारे पंचायत वासीं सादर आमंत्रित रहेंगे ।बैठक में संरक्षक कमिटी और कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया जिसमे मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो,असेश्वर राम,विनोद यादव,दिनेश्वर पासवान,सुरेश चौधरी, अंगनु महतो,होरिल महतो,खीरोधर महतो,रघुवीर राम,काशी रजवार, विकास पांडेय,राहुल पासवान,जैनेंद्र प्रसाद,कुलेश्वर यादव,सागर यादव,रोहित ठाकुर,ललन भुइयाँ,पंचेश्वर साव,अवध राम,रितु राज,गोपाल राम,किशोर राम,रामविलास राम,मोहन मेहता,विशाल पांडेय,गणेश महतो,आयुष पांडेय,करण यादव आदि शामिल थे।

### टाटीझरिया में शांतिपूर्वक मनाया गया दशहरा

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया, कोल्हू , झरपो में दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक मनाया गया ,एवं शनिवार विजयदशमी को सभी जगह मेले का आयोजन किया गया , जिसमें प्रखंड के झरपो बुध बाजार प्रांगण में केदारनाथ का एक भव्य पंडाल बनाकर लोगों को मन मोह लिया। इस बुध बाजार में विजयदशमी के दिन एक आकर्षक मेले का आयोजन किया गया ।जहां 50 गांव के लोग इस मेला देखने एवं पंडाल देखने पहुंचे, और मेले में एक से बढ़कर एक दुकान लगाए गए। मेले में माता रानी की भक्ति गीतों से पूरा मेला भक्ति मय हो गया । झरपो में निगरानी समिति द्वारा पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाता है जो आकर्षण का केंद्र रहता है ।लाखों लोगों ने इस पंडाल में जाकर अपनी सेल्फी भी लेते हैं और बच्चों के साथ मेले में आनंद लेते हैं, इस विजयदशमी में टाटीझरिया प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखा गया और सुरक्षा का चाक चौबंद उनके द्वारा ही किया गया है। जिसमें इस मेले में किसी प्रकार का कोई हूरदंग नहीं कर पाए।

# मेडटेक मित्र : भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाइवे

**विनोद के पॉल**

केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना हैक

नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।




इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है।

ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।

केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी।

भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं।

इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है।

भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा।

सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके।

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे।

मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

**लेखक नीति आयोग के सदस्य हैं।**

# भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन के पार्ट्स पर आयात शुल्क में कटौती की

**मोबाइल** फोन कंपोनेंट पर शुल्क में कटौती संसद में अंतरिम बजट 2024 की घोषणा से ठीक पहले की गई है।

वित्त मंत्रालय ने निर्यात बढ़ाने के लिए मोबाइल फोन के पार्ट्स पर आयात शुल्क 15% से घटाकर 10% का फैसला किया है।

कम किया गया आयात शुल्क विभिन्न मोबाइल फोन कंपोनेंट जैसे बैटरी कवर, मुख्य लेंस, ऋरट एंटेना, सिम सॉकेट, स्क्रू, बैक कवर और अन्य प्लास्टिक और मेटल पार्ट पर लागू होता है।

मोबाइल फोन कंपोनेंट पर शुल्क में कटौती संसद में अंतरिम बजट 2024 की घोषणा से ठीक पहले की गई है। कई कंपनियों ने भारत में मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग लागत कम करने, इसे चीन और वियतनाम जैसे देशों के साथ अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए इन कटौती का अनुरोध किया था।



जैसा कि इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने कहा है, भारत में कैमरा मॉड्यूल और चार्जर जैसे मोबाइल फोन कंपोनेंट पर आयात शुल्क 2.5% से 20% तक है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (कउ-एअ) के अनुसार, चीन, वियतनाम, मैक्सिको और थाईलैंड जैसे छह समान मैन्युफैक्चरिंग देशों की तुलना में, भारत सबसे अधिक कर लगाता है। यदि ये कर कम नहीं किए गए तो इससे भारत से मोबाइल फोन निर्यात की वृद्धि में बाधा आ सकती है।

भारत का मोबाइल फोन निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में ये पिछले साल से दोगुना होकर 11.1 अरब डॉलर हो गया। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट बताती है कि उद्योग को 2023-24 में निर्यात 15 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, अगस्त तक निर्यात पहले ही 5.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

भारत में मोबाइल फोन निर्यातकों में एप्पल के साथ दक्षिण कोरिया का सैमसंग और चीन का ⁄ड्ढे शामिल हैं। अस्त्रस्त्रह्य वर्तमान में भारत में ⁄ढँड्ढल्ली२ असेंबल करता है और जल्द ही चीन से हटकर ⁄र्ढा और अ१ढड्ड२ि को शामिल करने के लिए उत्पादन का विस्तार कर सकता है।

साइबरमीडिया रिसर्च में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम, मोबाइल फोन पार्ट्स पर भारत सरकार के टैरिफ कटौती को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं जो घरेलू उत्पादन बढ़ा सकता है और भारत के निर्यात में सुधार कर सकता है।

# यू पी एस को समझें



**अजय दीप वाधवा,**

भारत सरकार ने अगस्त 2024 में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यू पी एस) की घोषणा की है जो की एन पी एस (न्यू पेंशन स्कीम) की जगह लेगी। यह स्कीम करीब 23 लाख सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगी। इस स्कीम के अंतर्गत उन सभी कर्मचारियों, जिन्होंने 25 साल की नौकरी कम से कम की है, को रिटायरमेंट के बाद अंतिम 12 माह के मासिक ओसत वेतन के 50% की बराबर राशि पेंशन के रूप में मिलेगी। जिन्हो ने कम से कम 10 साल की नौकरी की है, उनको कम से कम 10000 रुपए की पेंशन तो अवश्य ही मिलेगी। यह स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी और सरकार कर्मचारियों के बेसिक वेतन और महंगाई भते का 18.5% इस स्कीम के अंतर्गत अपने तरफ से यू पी एस फंड में देगी, जो कि अभी एन पी एस में 14% है। साथ ही, कर्मचारी, जिन्होंने 1 जनवरी 2004 के बाद नौकरी ज्वाइन की है और वर्तमान में एन पी एस में शामिल हैं, भी इसके लिए अपने बेसिक वेतन और महंगाई भत्ते का 10% इस फंड में देंगे और उन पर एन पी एस के स्थान पर यू पी एस लागू हो जायेगी।



साथ ही, यू पी एस में रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को एक मुश्त राशि भी दी जाएगी। एक अनुमान के अनुसार 99% सरकारी कर्मचारी एन पी एस से इस यू पी एस में आ जायेंगे। अगर राज्य सरकारें भी इस स्कीम को अपनाती हैं, जिसकी पूरी संभावना है, तो इस स्कीम को अपनाने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत बढ़ जाएगी।

यू पी एस आने के बाद भारत सरकार का खर्च प्रति वर्ष 6250 करोड़ रुपए से बढ़ जायेगा। साथ ही प्रथम वर्ष में भारत सरकार को यू पी एस फंड में 800 करोड़ रुपए भी अतिरिक्त देने पड़ेंगे। भारत सरकार का वर्तमान में पेंशन पर सालाना खर्च 2.38 लाख करोड़ रुपए का है। दरअसल देश को इस स्कीम की बेहद आवश्यकता थी क्योंकि सरकारी कर्मचारी एन पी एस को समाप्त कर पुरानी ओ पी एस की मांग कर रहे थे जिस में उनके पूरे पेंशन का बोझ सरकार को अर्थात आम करदाता को लेना था जो कि संभव नहीं था। इस से कई राज्य सरकार दिवालिया हो जाती और भारत सरकार का पैसा भी विकास कार्यों के स्थान पर पेंशन देने में खर्च हो जाता। यू पी एस के अंतर्गत पेंशन लेने के लिए कर्मचारियों को भी कुछ पैसा इसके फंड में डालना होगा जिस से वित्तीय अनुशासन में सुधार होगा और आम कर दाता पर आर्थिक बोझ कम आयेगा।

(कर / वित विशेषज्ञ, 9431107515)

# दुनिया चाहती है, मेक इन इंडिया

**श्री पीयूष गोयल**

देश ने 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी ह्यमेक इन इंडियाह्ल पहल के 10 साल पूरे होने का उत्सव मनाया, जो रोजगार सृजन करने वाले निवेशों को प्रोत्साहित करके और आम नागरिकों को धन सृजनकर्ता बनने का आत्मविश्वास देकर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को बदल रही है।

यह 10 साल की एक उल्लेखनीय यात्रा रही है, जिसने औद्योगिक क्षेत्रों को विकास के इंजन के रूप में नया उत्साह दिया है, जो घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ निर्यात में भी योगदान दे रहा है। यह रोमांचक यात्रा एक कठिन समय में शुरू हुई थी, जब निर्णय लेने में अक्षम कांग्रेस सरकार की नीतिगत निष्क्रियता और कुशासन के कारण घरेलू निवेशक निराश थे। अर्थव्यवस्था निम्न स्तर पर थी, आत्मविश्वास टूट चुका था, सुर्खियों में नियमित रूप से भ्रष्टाचार के घोटालों का जिक्र होता था, मुद्रास्फीति बढ़ रही थी, ब्याज दरें अधिक थीं और रुपये का पूवार्नुमान अनिश्चित था।

दुर्भाग्य और निराशा की भावना को समाप्त करने के लिए, भारतीय मतदाताओं ने निर्णायक तौर पर पीएम मोदी के पक्ष में मतदान किया। हमारे प्रधानमंत्री भारत के लिए एक दृष्टिकोण लेकर आए। वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति बने। वे चाहते थे कि भारत हमारे युवाओं को रोजगार और अवसर प्रदान करे, इस तथ्य की पहचान करते हुए कि विनिर्माण भारत की सफलता की गाथा के लिए महत्वपूर्ण है। इन्हीं परिस्थितियों में, प्रधानमंत्री ने ह्यमेक इन इंडियाह्ल पहल की शुरूआत की।

दस साल की यात्रा उल्लेखनीय रही है, लेकिन यह मोदी सरकार द्वारा किए गए बहुआयामी और परिवर्तनकारी बदलावों के बिना संभव नहीं हो पाती। पहलों में जीएसटी, दिवालियापन संहिता और कई अन्य सुधार शामिल हैं। कारोबार करने में आसानी में सुधार के लिए, 42,000 से अधिक अनुपालन आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया गया और मामूली अपराधों के लिए आपराधिक दंड प्रदान करने वाले 3,700 प्रावधानों को विभिन्न कानूनों से हटा दिया गया, ताकि छोटे व्यवसायों को उत्पीड़न से बचाया जा सके। भारत ने विश्व बैंक की व्यापार करने की रिपोर्ट में 2014 के 142वें स्थान से 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचकर अपनी श्रेणी में तेजी से सुधार किया।



सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल ने नौकरी की इच्छा रखने वाले कई लोगों को नौकरी प्रदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। इससे इस वर्ष जून में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे निवेश में बढ़ोत्तरी और 15 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। ये स्टार्टअप देश में नवाचार इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रहे हैं तथा स्वच्छता, अंतरिक्ष कार्यक्रम, खाद्य बबार्दी को कम करने, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करने और महिलाओं को सशक्त बनाने जैसे क्षेत्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों का समाधान करने पर कार्य कर रहे हैं। सरकार के विशेष ध्यान का एक अन्य क्षेत्र है - 11 औद्योगिक गलियारों का विकास। कार्यक्रम के तहत 20 औद्योगिक स्मार्ट शहर विकसित किए जा रहे हैं, जो इन गलियारों को भारत के विनिर्माण विकास का प्रमुख आधार बनाने में मदद करेंगे। इनमें से चार स्मार्ट शहर पहले ही निवेश का आकर्षण केंद्र बन गए हैं, जहां अवसंरचना के साथ विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए मंजूरी उपलब्ध है। 1.7 लाख करोड़ रुपये के संभावित निवेश के लिए पहले ही प्रतिबद्धता व्यक्त की जा चुकी है, जो 80,000 लोगों को प्रत्यक्ष और इससे भी अधिक संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा।

सरकार की पीएलआई योजनाएं जैसे, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, वाहन, वस्त्र और चिकित्सा उपकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ताकि इन क्षेत्रों में निरंतर विकास के लिए इको-सिस्टम तैयार किया जा सके और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके। पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और विनिर्माण उत्पादन में लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस पहल के माध्यम से 8.5 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर सृजित हुए हैं।

प्रधानमंत्री की अवसंरचना से जुड़ी पहल, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक और प्रोत्साहन है। वस्तुओं और सेवाओं की मांग पैदा करने के अलावा, अवसंरचना विकास औद्योगिक गतिविधि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। आज भारत में एक्सप्रेसवे और राजमार्गों का एक विशाल और बढ़ता हुआ नेटवर्क है। विश्व स्तर के नए रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जबकि नए फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण-कार्य प्रगति पर है।

भारत को निवेश के लिए एक बहुत ही आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। देश 4डी लाभ की पेशकश करता है - प्रधानमंत्री मोदी का निर्णायक नेतृत्व; हमारे युवा, प्रतिभाशाली, कुशल भारतीयों का जनसांख्यिकीय लाभांश; 140 करोड़ भारतीयों द्वारा अर्थव्यवस्था में उत्पन्न की जाने वाली मांग; एक जीवंत लोकतंत्र, जो निवेशकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करता है।

# आर्थिक सुधार की चुनौतियां

आर्थिक सुधारों से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था, लेकिन चुनौतियां भी

कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी।

आर्थिक मामलों के विभाग ने सोमवार को बीते एक दशक में देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की। यह हर वर्ष आने वाली आर्थिक समीक्षा नहीं है। समीक्षा में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह सही है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अपेक्षा से बेहतर रही है।

अपेक्षाकृत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत का इस दर से वृद्धि हासिल करना सराहनीय है। सरकार ने बीते एक दशक में कई सुधारों को अंजाम दिया है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया में भी देश का प्रदर्शन अनुमान से बेहतर रहा है। बहरहाल, अभी भी ऐसी चुनौतियां हैं जो मध्यम से दीर्घ अवधि में संभावित वृद्धि पर असर डाल सकती हैं।

सर्वाधिक उल्लेखनीय सुधारों की बात करें तो सरकार ने ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता, 2016 पारित की। सरकारी बैंकों के विलय और उनके पुनर्पूंजीकरण के अलावा उसने दोहरी बैलेंस शीट की समस्या हल करने में भी मदद की। इसके परिणामस्वरूप देश का बैंकिंग क्षेत्र इस समय एक दशक में सबसे अधिक अनुकूल परिस्थितियों में है।

बेहतर कॉर्पोरेट और बैंक बैलेंस शीट की मदद से न केवल वृहद आर्थिक जोखिम कम हुए हैं बल्कि निजी निवेश को भी मदद मिलेगी। बीते एक दशक में आकार दिया गया एक अन्य उल्लेखनीय सुधार है वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)। वर्षों तक अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने के बाद कर व्यवस्था में स्थिरता के संकेत नजर आ रहे हैं और राजस्व में इजाफा हो रहा है।

अब सरकार को दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि प्रदर्शन में और सुधार हो सके। सरकार ने कई अन्य पहल भी की, मसलन अचल संपत्ति (नियमन एवं विकास) अधिनियम, छोटे मोटे आर्थिक अपराधों की आपराधिकता समाप्त करना, विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रक्रिया को उदार बनाना और मुद्रास्फीति के लचीले लक्ष्य अपनाना आदि।

सरकार ने महामारी के बाद वृद्धि को सहायता देने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाने का विकल्प चुना जिससे राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया धीमी हुई।

## लातेहार शहर में धुम-धाम के साथ मना नवरात्र का त्योहार, ट्रैफिक व्यवस्था से आम जनता खुश

# आम जनता का सहयोग रहा सफल: अरविंद कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता


व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीपीओ।

**लातेहार।** जिले में धुम-धाम के साथ दशहरा पर्व संपन्न। नवरात्रि के दौरान इन नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की, चौथे दिन मां कूष्मांडा की, पांचवें दिन मां स्कंदमाता की, छठे दिन मां कात्यायनी की, सातवें दिन मां कालरात्रि की, आठवें दिन मां महागौरी की, और नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ दिनों में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, इसलिए इसे नवदुर्गा भी कहा जाता है। नवरात्रि का त्योहार सामुदायिक और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देता है। नव दिन पूजन के बाद दशमी को भगवान स्वरूप बने प्रतिमा को विसर्जित किया जाता है। ज्ञात हो कि इस नव दिनों में विभिन्न समितियों के द्वारा पंडाल बनाकर मां दुर्गे का पुजा अर्चना किया और नव दिन के अंदर डांडिया, भक्तिजागरण, भंडारा जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने में आम जनता का सहयोग रहा सफल: अरविंद कुमार**

ज्ञात हो कि नवमी के दिन हजारों की संख्या में भक्तों का जनसैलाब लातेहार शहर में बने मनहोहक पंडाल को देखने और मां का आर्शिवाद लेने दुर-दराज गांव से आते है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल में रखना पुलिस प्रशासन के लिए एक चुनौतीपुर्ण रहता है। लेकिन लातेहार पुलिस प्रशासन का सुझ-बूझ और ट्रैफिक व्यवस्था से ट्रैफिक कंट्रोल में रहा, जिसे लातेहार के शहर वासियों ने जिला प्रशासन की खुब तारीफ की।

इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा, दुर्गा पूजा लातेहार जिले की सांस्कृतिक धरोहर है और हमने इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया। हमें खुशी है कि यह त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुआ। इसका श्रेय पुलिस प्रशासन टीम और आम जनता को जाता है। अगर जनता हमें साथ नहीं देती तो व्यवस्था दुरूस्त करने में परेशानी होती। दुर्गा पूजा समितियों के सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए है, जिसे देखते हुए अगले वर्ष और बेहतर सुविधा पुलिस प्रशासन देगी।


मां की प्रतिमा को विसर्जन करे भक्त।

## सुदूरवर्ती कुलगड़ा ग्राम में लगातार 61 वें वर्ष धूमधाम से मनी दुगार्पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती कुलगड़ा ग्राम में लगातार 61 वें वर्ष दुगार्पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई। सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति कुलगड़ा के द्वारा बनाया गया भव्य पूजा पंडाल क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा। शनिवार की देर शाम संध्या आरती के पश्चात मां के प्रतिभा को विसर्जन किया गया जहां भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। इसके पूर्व विजयदशमी के मौके पर भव्य जतरा मेला का आयोजन भी किया गया। जिसमे आसपास के कई गांवों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बता दें कि लवरपुर पंचायत अंतर्गत कुलगड़ा ग्राम में लगातार 61 वें वर्ष दुगार्पूजा मनाई गयी है। इसकी स्थापना स्व. रामजी प्रसाद भगत ने की थी। वर्तमान में उनके पुत्र राजेश कुमार भगत पूजा समिति के मुख्य संरक्षक है। जिनके नेतृत्व में भव्य तरीके से दुगार्पूजा मनाया गया

कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदलाल भगत, संजय भगत, परमानंद सिंह, रमेश भुइयां, अजय सिंह, रमाकांत भगत, पवन साहू, राजदेव प्रसाद, संजय साहू, बंसत सिंह, अर्जुन साव, विजय भुइयां, दिनेश्वर गंझू, दिगम्बर यादव, मुरली सिंह, त्रिभुवन भुइयां, सुनील भगत, मिथुन साहू, चलितर भुइयां, विवेक कुमार, दिनेश प्रसाद समेत पूरे गांव के ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


स्थापित मां की प्रतिमा।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा लातेहार जिला कमिटी हुआ पूनर्गठन



**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय स्थित उत्सव मंडप होटल में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेकेएलएम) लातेहार की बैठक नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष परमेश्वर गंझू की अध्यक्षता सम्पन्न हुई। बैठक लातेहर जिले के सभी प्रखंडों से दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती को लेकर गम्भीरता चर्चा की गई और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आगे की रणनीति बनाई गई व जिला कमिटी के पुनर्गठन भी किया गया साथ ही नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष परमेश्वर गंझु समेत पलामू प्रमंडलीय पदाधिकारियों के अधिकारियों समेत प्रखंड से आये हुए पदाधिकारीयों को जिलाध्यक्ष के द्वरा माला पहनाकर समानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकश घटवार ने किया। बैठक में पलामू प्रमंडलीय महासचिव असगर आलम, ललसू भुईया, मारूफ अंसारी, श्यामदेव यादव( छोटू ), तनवीर आलम, रिंकु कुमार, रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह खेरवार, राजेश्वर सिंह, नागेश्वर उरांव, शीतल उरांव, मुकेश कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, धनलाल उरांव, ओम प्रकाश पासवान समेत सैकड़ों क्रांतिकारी उपस्थित थे।

### मंत्री बैद्यनाथ राम ने कन्या को पूजन कर कराया भोजन


रावण दहन के मौके पर मंच पर मौजूद अतिथि व समिति के लोग।

**लातेहार।** विजय दशमी के अवसर पर काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित नव कन्या पूजन सह भंडारे का शुभारंभ राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के हाथों किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समिति के अध्यक्ष जय कुमार सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, रितेश कुमार उर्फ निक्कु, विजय प्रसाद, साजन कुमार, विशाल कुमार, विवेक चंद्रवंशी, उत्तम प्रसाद, रोहित कुमार, कुमार सागर, बादल कुमार, दीपक कुमार, विवेक कुमार, चन्दन कुमार, गुंजन कुमार, संदीप अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड में माता दुर्गा के प्रतिमा के विसर्जन को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय में विजयदशमी के दिन माता दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन को लेकर देवी मंडप मंदिर बाजारटांड़ एवं शिव मंदिर सिंजो से दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं विसर्जन जुलूस मुख्य पथ से होते हुए क्षेत्र भ्रमण कर विसर्जन स्थल पर पहुंचा जहां पुरोहित के द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के उपरांत श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता दुर्गा,भगवान गणेश,महाराज कार्तिक,मां लक्ष्मी व मां सरस्वती के प्रतिमा का विसर्जन किया।

## विधायक ने बरवाडीह में दो महत्वपूर्ण योजनाओं की रखी आधारशिला

# क्षेत्र के विकास और जनता के सुख दुख में साथ रहना मेरी प्राथमिकता: रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य की आधारशिला रखते विधायक।

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने नवरात्र के मौके पर शनिवार को बरवाडीह प्रखण्ड वासियों को दो महत्वकांक्षी योजनाओं की सौगात दी। सर्वप्रथम विधायक ने केड़ पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी रोड से लक्ष्मण सिंह के घर होते हुए औरंगा नदी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसके उपरांत विधायक ने मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम अंतर्गत चंद्रदाहा में मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि उक्त दोनों योजनाएं क्षेत्र के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। सड़क का निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों के साथ- साथ विद्यालय जाने में बच्चों को होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। जनहित की इस मांग को आज पूरा कर हमें काफी खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि हर विकास कार्य निष्पक्षता के आधार पर होना चाहिए। कोई भी गांव भले ही जिसकी आबादी कम हो सभी को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। विधायक ने बताया कि चंद्रदाहा में मार्केट कॉम्प्लेक्स बन जाने से मंगरा पंचायत के लोगों को बाजार करने के लिए यहां से दूर जाना नही पड़ेगा। इसके अलावा सैकड़ो लोग रोजगार से भी जुड़ जायेंगे।

**कार्यक्रम में उपस्थित लोग**

इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, समाजसेवी मनोज जयसवाल, दीपू तिवारी, पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता, हेसामुल अंसारी, रविंद्र राम, नजाम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, युवा अध्यक्ष बड़ा बाबू, अजीत गुप्ता और दिलावर अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चंदवा खेल स्टेडियम में धू-धू कर जला रावण, हजारों लोगों ने देखा बुराई का अंत



**चंदवा।** विजयादशमी का त्योहार दशहरा धूमधाम से मनाया गया। चंदवा के खेल स्टेडियम में अमित गुप्ता की अध्यक्षता में रावण दहण समिति की ओर से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया किया गया। भाजपा नेता महेंद्र साहू ने शनिवार की देर शाम रावण के पुतले में आग लगाई। मंच संचालन रविराज ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार साहू ने किया। रावण वध देखने आए श्रद्धालुओं ने जमकर श्रीराम का जयघोष किया। बच्चे रावण वध देखकर काफी उत्साहित थे, बड़ी संख्या में महिलाएं भी रावण वध देखने पहुंची थीं। मंच पर लातेहार एसडीएम अजय कुमार अपने परिवार के साथ पहुंचे थे साथ ही एसडीपीओ अरविंद कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन कुमार, इंस्पेक्टर रणधीर सिंह, रविराज, रंजन सिंह, दीपक निषाद, सचिन कुमार, कुणाल खत्री, उदय, आकाश, अक्षय आदि शामिल थे।

**ग्रीन फील्ड के बच्चों ने किया नाटक मंचन :** ग्रीन फील्ड के बच्चों ने नाटक मंचन के माध्यम से राम और रावण के युद्ध को दशार्या। रावण का अहंकार ही उसका अंत का कारण बना, बच्चों ने इस नाट्य रूपांतरण को बखूबी निभाया, उपस्थित जनसमूहों इसकी खूब वाहवाही की। बता दें कि खेल स्टेडियम में 30 फीट के रावण को चंदवा के स्थानीय कलाकार संदीप रजक, महेंद्र पेंटर, कृपाचार्य दारा सिंह, मनीष गुप्ता और सनोज तुरी की टीम ने तैयार किया था।

## मानव सेवा ईश्वर की सेवा के समान: मोनी गुप्ता


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते अतिथि व श्रद्धालु।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शारदीय नवरात्र के समापन व विजयादशमी के मौके पर किसानों के बीच प्रतिष्ठित बीज विक्रेता दुकान अन्नपूर्णा बीज भंडार व व्यवसायी राजकुमार अग्रवाल के सौजन्य से शनिवार को बुध बाजार पूजा पंडाल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। विशाल भंडारा में चंदवा शहर समेत पूरे प्रखण्ड से लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, समाजसेवी राजकुमार साहू, महेंद्र प्रसाद साहू व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से भंडारे का उद्घाटन किया। इस मौके पर अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित कुमार, सह प्रोपराइटर मोनी गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा ईश्वर की सेवा के समान है, इससे बड़ा पुनीत कार्य कुछ और नही हो सकता। आगे कहा कि आज विजयदशमी का त्योहार है और विजयादशमी हम सभी को अधर्म पर धर्म की विजय की सिख प्रदान करती है। आज हम सभी को अपने अंदर छिपे लोभ, लालच, ईर्ष्या रूपी रावण को मारना होगा तभी सभ्य समाज का निर्माण होगा। इस मौके पर दुर्गा मंडल बुध बाजार के अध्यक्ष श्री अजय प्रसाद, रामनाथ गुप्ता, ओम साहू, संजय प्रजापति, प्रवीण अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, डॉक्टर अनिल, अमरदीप प्रसाद, कुणाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, लोकेश शर्मा, अखंड यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### बैद्यनाथ राम ने पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन

### मां दुर्गा को सिंदूर लगा कर सुहागिनों ने दी विदाई चेहरे पर झलका मां की विदाई का गम


उद्घाटन करते मंत्री बैद्यनाथ राम।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायत में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थल में धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से विजयदशमी मनाया गया। शनिवार को प्रखण्ड मुख्यालय की प्रतिमाओं को छोड़ सभी पुजा पंडाल से माँ दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन शांतिपूर्ण तरिके कर दिया गया। वहीं शनिवार की रात रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावण दहन कार्यक्रम को देखने को लेकर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। पंचमुखी महिला समिति ने खेली सिंदूर होली मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी दुगार्पूजा पंडाल के साथ- साथ बस स्टेण्ड, गढ़वाटाड़ और रेलवे क्लब में माँ दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व महिलाओं के द्वारा खोईचाँ भरने के साथ सिंदूर होली की रश्म अदा की गई।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का प्रखण्ड स्तरीय की बैठक

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय के कांडरका नदी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती स्थल के समीप रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की प्रखण्ड स्तरीय बैठक कुलदीप भोक्ता की अध्यक्षता मे की गई. बैठक मे लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी संजय कुमार दास उपस्थित रहे. इस अवसर पर पार्टी के विस्तार एवं संगठन की मजबूती तथा विधानसभा चुनाव की तैयारियां को लेकर विशेष रूप सें चर्चा की गई। साथ ही रोड सो की तैयारी के लिए विशेष रूप से चर्चा किया गया। जिसके बाद सर्वसमिति सें अध्यक्ष मुनेश्वर गंझु, उपाध्यक्ष उकार यादव कोषाध्यक्ष देवलाल उरांव, सचिव पिन्टू राम, उपसचिव रामसाहय गंझु, सह सचिव रामकिशुन गंझु, नरेश उरांव, महामंत्री दिलीप गंझु, मिडिया प्रभारी भीम प्रजापति व विजय गंझु, संरक्षक कुलदीप भोक्ता, प्रवक्ता परमजीत रजक को चयनित किया गया. मौके पर जसवंत कुमार, सूरज कुमार, निर्मल, बिकास मोची, धर्मदेव उरांव, प्रकाश कुमार भोक्ता, ब्रजेश कुमार भोक्ता सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### माँ दुर्गा की प्रतिमा विधिवत शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन, नम आंखों से दी गई विदाई

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे नवरात्र पर माँ दुर्गा की पूजा भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। बारियातू मुख्यालय स्थित दुर्गा बड़ी मंदिर बाजार टांड सहित फूलसु,गोनिया, शिबला, बालूभाँग, टोंटी, अमरवाडीह, डढ़ा, साल्वे, राजगुरु, भाटचतरा, टोटी हेसला, डाढा, बालूभाँग सभी पंचायतों के अलावे विभिन्न देव स्थल मे श्रद्धालुओं ने विजय दशमी के दिन मन्त्रोंचरण से हवन पूजन की. वही पूजा समितियों द्वारा शनिवार को जयकारे व गाजे बाजे के साथ दुर्गा माँ सहित लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती और कार्तिकेय की प्रतिमाओ को अपने अपने नजदीकी तालाब व नदी मे विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा निर्धारित मार्ग सें होते हुए नदी और तलाबो के तट पर पहुंची। जहां मंगलकामना करते हुए श्रद्धांलूओ ने नम आँखों सें माँ दुर्गा की विदाई दी गई ।

### हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो गया ।बालूमाथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा 9 दिनों तक नवपुराण पाठ, भंडारा एवं सात दिवसीय राजस्थान के प्रसिद्ध कथा वाचक बिन्नी किशोरी के द्वारा कथा का आयोजन एवं चार किलोमीटर तक आकर्षक रूप से लाइट एवं साउंड से सजाकर विजय दसवीं के दिन भव्य जुलूस निकालकर दुर्गा पूजा मनाया। विजय जुलूस निकलने से पूर्व दुर्गा मंडप परिसर में एक भव्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमे भारी भीड़ देखी गई। विजय जुलूस दुर्गा मंडप से आरंभ होकर, न्यू बस स्टैंड, थाना चौक, महावीर मंदिर, जमा मस्जिद होते हुए चेताग पहुंचा। व पुन: वापस मुरपा मोड़, ब्लॉक, टमटमटोला होते हुए बालूमाथ छठ तालाब में पंडित अमरनाथ लाल के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करने के बाद विसर्जन किया गया।

## चंदवा: सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ संपन्न हुई दुर्गा पूजा

# मंत्री वैद्यनाथ राम ने लिया पूजा पंडालों का जायजा, लिया मां का आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में अधर्म पर धर्म व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। शनिवार को विजयदशमी के मौके पर प्रखंड के सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गे के दर्शन को लेकर भक्तों की भारी भिंड देखी गयी। बुध बाजार पूजा पंडाल व थाना टोली पूजा पंडाल को छोड़कर प्रखण्ड के बाकी सभी पूजा पंडालों के द्वारा शनिवार की देर शाम मां दुर्गे की प्रतिमा को नदी तालाबो एवं सरोवरों में विसर्जित किया गया। वहीं रविवार की शाम बुध बाजार व थाना टोली पूजा समिति के द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नम आंखों से मां अंबे को विदाई दिए।


पूजा पंडाल में भक्तो के साथ मंत्री वैद्यनाथ राम।

**मंत्री वैद्यनाथ राम ने किया पूजा पंडालों का जायजा, लिया मां का आशीर्वाद**

इधर शारदीय नवरात्र के महानवमी के मौके पर शुक्रवार को राज्य के मंत्री वैद्यनाथ राम चंदवा प्रखण्ड ब्राह्मणी, थाना टोली, बुध बाजार, पंचमुखी समेत विभिन्न पूजा पंडालों पहुंचे व मत्था टेककर मां का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान पूजा समितियों के द्वारा मंत्री वैद्यनाथ राम को चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया। मौके पर बैद्यनाथ राम ने क्षेत्र वासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी।

**कई स्थानों पर लगा जतरा मेला**

इधर विजयादशमी के मौके पर शहर के कामता, रोल महुआमिलान, रक्सी जमीरा, शिव मंदिर आन, सेरक में पारंपरिक जतरा मेला का आयोजन किया गया। रक्सी जमीरा में लगे जतरा मेला व संस्कृतिक का उद्घाटन झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह पूजा समिति के अध्यक्ष सितमोहन मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, चंद्रकिशोर गिरी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया, इसके पूर्व पूजेन पुजेर के द्वारा विविधता पूजन के उपरांत झंडा गाड़ कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।


प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते श्रद्धालु।

**खेल स्टेडियम, कामता, आन व बारी रामपुर हुआ रावण दहन कार्यक्रम**

वहीं संध्या बेला में खेल स्टेडियम, कामता, आन व बारी रामपुर में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका लोगो ने खूब आनंद उठाया।

आन शिव मंदिर द्वारा विजयादशमी के मौके पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत पूजा समिति के अध्यक्ष राजन भगत व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। वहीं दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपर्क करने को लेकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद देख गई। सीओ जय शंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद व इंस्पेक्टर रणधीर कुमार विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते देखे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# श्रद्धालुओं ने माता को नम आंखों से दी विदाई

## माता के जयकारे से माहौल भक्तिमय हो उठा

**भागलपुर।** दस दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद भागलपुर में मां की विदाई की शुरूआत हो चुकी है। रविवार को सभी मंदिरों से मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकल पड़ी है। शहर के दक्षिणी क्षेत्र स्थित मोहदीनगर दुर्गा स्थान से भी आज विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। इसके पूर्व विधायक अजीत शर्मा ने मां की आरती कर शोभायात्रा की शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि यहां विसर्जन शोभायात्रा में पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं शामिल होती है। विसर्जन शोभायात्रा में शामिल महिलाओं ने नाचते गाते मां को विदाई दी। शोभायात्रा के दौरान माता के जयकारे से माहौल भक्तिमय हो उठा। डीजे पर बजते भक्तिमय गीतों पर महिलाएं और युवतियां नृत्य करती रहे। इस दौरान श्रद्धालु मां से अगले बरस फिर से जल्दी आने की कामना कर रहे थे।

## प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था थी कड़ी



**किशनगंज।** दुर्गा पूजा के बाद रविवार को शहर में 26 से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जिसमे रुईधासा, धर्मगंज, तेघरिया, नेपालगढ़ कॉलोनी, डेमार्केट, मोतीबाग, पुलिस लाइन रोड, रामपुर, मनोरंजन क्लब, लाइन झूलन मंदिर, डुमरिया, रोलबाग, खगड़ा आदि प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसे लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा को लेकर प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिले में 253 स्थानों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

किशनगंज शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 54 से ज्यादा स्थानों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी विसर्जन जुलूश में पुलिस की ओर से निगरानी बरती जा रही थी। प्रतिमा विसर्जन को लेकर डेमार्केट धोबीघाट में अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया था।

एजेंसी

**कटिहार।** जिले में दुर्गा पूजा का समापन हर्षोल्लास के साथ हो गया। श्रद्धालु सुहागिन महिलाओं ने माता दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पूजा पंडालों में देवी माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सभी पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ देखी गई और जगह-जगह मेला भी लगा। बारसोई बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, रास चौक दुर्गा मंदिर, यंग फ्रेंड्स क्लब, पोस्ट ऑफिस के समीप महिला दुर्गा पूजा समिति, बारसोई स्टेशन के समीप जागृति दुर्गा मंदिर, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रेलवे गुमटी, नर्मदेश्वर शिव मंदिर दुर्गा पूजा कमेटी, और बारसोई रेलवे कॉलोनी दुर्गा मंदिर में भव्य पंडाल एवं आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर माता दुर्गा की आराधना की गई। सार्वजनिक दुगार्मंदिर सहित जिले के सभी दुर्गा मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर माता के जयकारे से वातावरण गुंजयमान रहा।



## मां दुर्गा की शोभायात्रा निकालकर दी गई अंतिम विदाई



**अररिया।** अररिया सहित इसके ग्रामीण इलाकों में शनिवार के साथ रविवार को भी शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी गई। अगली वर्ष फिर से अनेक आह्वान के साथ शहर में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजे के धुन पर मां दुर्गा के भक्त आरती के साथ झूमते हुए मां के जयकारे लगाते हुए मां को विदाई दी। अररिया में परमान नदी के त्रिशुलिया घाट पर जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं फारबिसगंज में सीताधार, कोठीहाट नहर और सुलतान पोखर में मां दुर्गा के प्रतिमा का विर्सजन किया गया। विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# मां दुर्गा की विदाई देश की अनोखी विदाई है : मिथिलेश



मूर्ति विसर्जन में शामिल मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। दशमी एवं एकादशी को सभी प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं के साथ मंत्री ने भी कंधा लगाकर मां को विदाई दी। प्रतिमा विसर्जन एवं माता रानी का दर्शन के लिए काफी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं की सैलाब उमड़ पड़ी। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का सबसे पहले किया जाता है। साथ ही इस स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किसी वाहन पर नहीं बल्कि श्रद्धालु अपने कंधे पर ले जाकर करते हैं। इस विसर्जन के दौरान पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित प्रतिमा की विसर्जन बहुत ही अनोखा है। माता रानी की प्रतिमा की ऐसी विदाई झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश की अनोखी विदाई है। जिसमें हजारों श्रद्धालु कंधे पर मां को ले जाते हैं। उन्होंने मां दुर्गा से अपने राज्य की खुशहाली व अमन चैन की प्रार्थना की। यह परंपरा विगत कई वर्षो से चली आ रही है। सभी श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। मूर्ति विसर्जन के दौरान जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले भर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। सभी प्रशासनिक पदाधिकारी विधि व्यवस्था पर नजर बनाये हुए थे। कई स्थानों पर रविवार को भी मूर्ति विसर्जन किया गया।

### दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन में शामिल हुए मंत्री, कंधा लगाकर दी मां को विदाई

# मां की भावपूर्ण पूजा में एक विशेष समुदाय बना रोड़ा

## जुलूस का पत्थरों से स्वागत, पुलिसकर्मी भी हुए घायल, रातभर बना रहा तनाव, प्रशासन बना रहा मुकदर्शक





हंगामा करते लोग व घटनास्थल पर पुलिस कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सदर थाना के लखना गांव में एक विशेष समुदाय के लोगों ने दशहरा के दिन दुर्गा मां की मूर्ति घुमाने से रोक दिया एवं पत्थरबाजी कर रक्त रंजित माहौल बना दिया। विशेष समुदाय के लोगों ने सरकारी रास्ता को चौकी, ट्रैक्टर की टाली एवं अन्य कई चीजों से ब्लॉक कर दिया था। इससे आहत पूजा समिति के लोगों ने वही मूर्ति रख कर बैठ गए औ? इसकी सूचना जिला प्रशासन की दी। सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, गढ़वा बीडीओ एवं सीओ पुलिस बल के साथ पहुंच गए। मामला को शांत कराने की कोशिश की गई लेकिन विशेष समुदाय के लोग अड़े रहे। विशेष समुदाय का कहना था कि किसी भी स्थिति में मूर्ति नहीं जाने देंगे। प्रशासन लाचार एवं विवश दिखा। धीरे धीरे यह मामला अगल बगल के गांवों में आग की तरह फैल गया। लोगों का हुजूम बढ़ता गया। गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न होने लगी। मामला बढ़ता देख एसडीओ और एसडीपीओ ने अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की। बावजूद इसके मामला जस का तस बना रहा।

**पत्थरबाजी ने बिगाड़ दिया माहौल :** बढ़ते भीड़ को देखते हुए विशेष समुदाय के लोगों ने अपने घर के छत से पत्थर चलना शुरू कर दिया। दूसरे तरफ के लोगों ने भी इसका प्रतिउत्तर दिया। पत्थरबाजी की इस घटना में तीन लोग घायल भी हो गए। प्रशासन तुरन्त घायलों को अस्पताल भेजवाया।

**घटना स्थल पर 6 घण्टे बाद पहुंचे डीसी एवं एसपी :** मामला की गंभीरता को देखते हुए डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक पांडेय रात 10 बजे के आस पास लखना गांव पहुचे। इनके पहुचे ही लोगों में उत्साह जाग गया और समाधान की उम्मीदें जग गई। लोगों को लगा मूर्ति अपनी गंतब्य तक पहुंच जाएगी, लेकिन वरीय पदाधिकारी की बात भी विशेष समुदाय के लोग नहीं माने। दोनों तरफ के लोगों के साथ वार्ता हुई। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

**रात 2 बजे समझौता के बाद मूर्ति वापस हो गयी :** डीसी, एसपी एवं पूर्व विधायक की मौजूदगी में दोनों तरफ से 5-5 लोगों को बुलाकर समझौता कराया गया। पूजा समिति के लोग प्रशासन की बात शुरू से ही मानने को तैयार थे लेकिन विशेष समुदाय के लोग अड़े हुए थे। प्रशासन ने लिखित रूप से कहा कि मूर्ति यही से वापस हो जाएगी तथा मुस्लिम अपने त्योहार में हिंदुओं की मुहल्ला में तजिया या झंडा लेकर नहीं जाएंगे। दोनों पक्ष इस बात पर राजी हो गए। अंततोगत्वा 3:30 बजे सुबह पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से मूर्ति का विसर्जन किया गया।

**मौके पर ये थे मौजूद :** गढ़वा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य, रंका पंचायत के मुखिया, करुआ पंचायत के मुखिया नारद तिवारी 20 सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी, करुआ पंचायत के पूरे बीडीसी धनंजय तिवारी, तिलदाग पंचायत के पूर्व मुखिया पति अरुण दुबे, भाजपा गोववाल मंडल अध्यक्ष परिक्षित तिवारी, सोनू सिंह, आशीष दुबे, पंकज तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### प्रशासन की ढुलमुल नीति एवं मंत्री के इशारे पर हो रहा सारा खेल : सत्येन्द्र

मामला की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी अपने कुछ समर्थकों के साथ लखना गांव पहुंचे। मामले की जानकारी डीसी एवं ग्रामीणों से ली। मौके पर उन्होंने कहा कि मंत्री के इशारे पर पूरा खेल हो रहा है। प्रशासन दबाव में काम कर रहा है। प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण माता की मूर्ति का विसर्जन अभी तक नहीं हुआ है। अगर प्रशासन ठीक से काम करता तो मूर्ति अपने गणतव्य तक चली गयी होती। उन्होंने कहा कि मूर्ति उसी रोड से जाएगी। रोड किसी का निजी नही है इस पर सभी का बराबर हक है।

# मदगड़ी में दुर्गा पूजा विसर्जन को ले हुई तनाव

## पुलिस-ग्रामीण विवाद के बाद पथराव, डीएसपी घायल, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले भी दागे गये





घायल पुलिस कर्मी, लाठीचार्ज करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान भारी पथराव हुआ, जिसमें रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी और वे घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ आंसु गैस छोड़नै की भी सुचना है। जिससे ग्रामीण भी घायल हो गए हैं। ग्रामीणों ने फिलहाल पुलिस के कई वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक भारी संख्या में ग्रामीण दुर्गा पूजा पंडाल में जमा हैं। जो विवादित मार्ग से प्रतिमा विसर्जन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन उन्हें बृजेश्वर साहू के घर से होते हुए तालाब तक जाने की अनुमति नहीं देता, तब तक वे प्रतिमा का विसर्जन नहीं करेंगे।

**आखिर क्यों हुआ विवाद :** दरअसल भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में पिछले कुछ वर्षों से दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर रास्ते का विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे जिस तालाब में प्रतिमा का विसर्जन करना चाहते हैं। उस तक जाने वाला रास्ता बृजेश्वर साहू के घर से होकर जाता है। हालांकि इस मार्ग में तीन मकान दूसरे समुदाय के लोगों के हैं, जो प्रतिमा विसर्जन के लिए रास्ता देने से इनकार करते हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए इस वर्ष शांति समिति की बैठक में एक समझौता हुआ था लेकिन कुछ दिन बाद एक पक्ष ने इस समझौते को मानने से इनकार कर दिया, जिसके कारण दुर्गा पूजा के दौरान ही तनावपूर्ण माहौल बन गया। कल जब प्रतिमा विसर्जन की बात सामने आई, तो ग्रामीण विवादित स्थल से ही प्रतिमा विसर्जन की मांग करने लगे लेकिन प्रशासन ने इस मार्ग से विसर्जन की अनुमति नहीं दी। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रतिमा विसर्जन से इनकार कर दिया, और आज बड़ी संख्या में ग्रामीण आसपास के इलाके से जुट गए। इसी दौरान अनुमंडल पदाधिकारी जब दोपहर 3:45 बजे पूजा पंडाल पहुंचे, तो ग्रामीणों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उग्र भीड़ ने पथराव भी किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की, जिससे एक ग्रामीण घायल हो गए। एसपी ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, और मामले की पूरी जानकारी जल्द दी जाएगी।

## भवनाथपुर में नाली निर्माण का शिलान्यास

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया पंचायत के पुनर्वास टोला में विशुनदेव कोरवा के घर से रामकिशन बैठा के घर करीब दो सौ मीटर तक नाली निर्माण का शिलान्यास ग्रामीण नृपती साह तथा प्राथमिक विद्यालय सिंदुरिया से डिहवार तक बनने वाली पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास निर्मला देवी ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय से डिहवार बाबा तक ग्रेड टू के बाद 18 वर्षो तक सड़क नही होने के कारण लोगो के आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## भारी मात्रा में विदेशी शराब पुलिस ने की जब्त

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के पुलिस ने रविवार को भारी मात्रा में विदेशी शराब को जब्त किया है। विदेशी शराब बैरिया मलाही कांटा चौक के करीब बोरा में रखकर झाड़ी में छुपाया गया था। पुलिस ने बताया कि करीबन सौ लीटर विदेशी शराब को जप्त किया गया है। धंधेबाज की पहचान आलोक कुमार मलाही बलुआ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह अवैध शराब उत्तर प्रदेश से गंडक नदी के रास्ते कारोबारी यहां लाकर छुपाया हुआ था। पुलिस इस मामले में काफी गंभीर है और कारोबारी की तलाश में हैं।

## खबर एक नजर में

### नालंदा में सड़क हादसे में चार की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के सरमेरा थाना इलाके के बहिया गांव के पास हुये सड़क हादसे में चार लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### रेलवे पुलिस ने 12 करोड़ की कोकीन पकड़ी, कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर रेलवे थाने की टीम ने गाड़ी संख्या 15027 गोरखपुर-हटिया मौर्य एक्सप्रेस के ए-वन कोच से कोकीन व टेट्रा पैक विदेशी शराब आज सुबह मुजफ्फरपुर में जब्त किया है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गयी है। इस मामले में ए-वन कोच के अटेंडेंट धनंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपित को सोनपुर स्थित रेल कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। धनंजय के पास से एक मोबाइल, कोच अटेंडेंट का आइकार्ड मिला है। धनंजय के अनुसार वह आरा के तरारी थाना क्षेत्र के बरसी धनगांव का रहने वाला है। इसकी पुष्टि रेलवे थाना मुजफ्फरपुर के थानेदार इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने की है। उन्होंने बताया है कि यह पहला मामला है जब मुजफ्फरपुर जंक्शन पर किसी भी एजेंसी द्वारा चलती ट्रेन से इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन जब्त हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गयी है। इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के बयान पर रेलवे थाना में मादक अधिनियम के तरह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दारोगा जयप्रकाश को इस मामले की जांच सौंपी गयी है। आइओ रेल पुलिस की सर्विलांस टीम के साथ मिलकर लिंकेज के आधार पर तफ्तीश में जुट गये हैं। जब्त कोकीन को क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला मुजफ्फरपुर, पटना या कोलकाता से जांच करायी जाएगी। इसके बाद इसके स्ट्रेंथ की पुष्टि होगी। इसके अलावा सीसीटीवी की जांच रिपोर्ट भी पुलिस के लिए अहम होगी। पुलिस धनंजय के मोबाइल को भी खंगाल रही है। पूछताछ में कोच अटेंडेंट धनंजय कुमार ने रेल पुलिस को बताया कि वह करीब ढ़ाई-तीन साल से मौर्य एक्सप्रेस में बतौर कोच अटेंडेंट नौकरी कर रहा है।

### जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए गढ़वा की टीम रवाना

**गढ़वा।** रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रामगढ़ के रजरप्पा में झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 14 से 15 अक्टूबर तक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा के अंडर 14, 16, 18, 20 के 15 सदस्यीय टीम को चोपन रांची एक्सप्रेस से रामगढ़ के लिए रवाना किया गया।

### जनसंपर्क यात्रा के अंतर्गत कार्यकर्ता मिलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के अंतर्गत पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के आवासीय परिसर में कार्यकर्ता मिलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा नेता मुनेश्वर सिंह, संतोष चौधरी, इरफान अंसारी के नेतृत्व ने सैकड़ो युवक पूर्व मंत्री के परिवर्तन अभियान में शामिल हुए। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है। आज कोई भी काम करने के लिए कमीशन देना पड़ता है। चाहे आवास हो, कुआं हो, पेंशन हो या कोई और भी सरकारी योजना हो सभी में घूस देना पड़ रहा है। जिसके कारण जनता को बहुत ही कठिनाइयों की सामना करना पड़ रहा हैं। पूर्व के विधायक, सह वर्तमान के विधायक ने पिछले 15 सालों में विधानसभा को खोखला बना दिया। पूर्व के विधायक ने अपने कार्यकाल में अलकतरा चुराने और झूठा चेक स्लीप बांटने का काम किया। अंत में पूर्व मंत्री ने कहा कि आप सभी नौजवान साथियों का स्वागत है। आपका ताकत ही हमारा ताकत हैं।

### भंडारा से समाज में जाता है समानता और भाईचारे का संदेश : डॉ कुलदेव

**गढ़वा।** दुर्गा पूजा के अवसर पर बोकेया गांव में कन्या पूजन के साथ भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद झारखंड के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने सभी कन्याओं को पूजन कर अपने हाथों से महाप्रसाद वितरण किया। मौके पर डॉ चौधरी ने कहा कि भंडारे का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। यह एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें लोग सामूहिक रूप से भोजनरूपी प्रसाद ग्रहण करते हैं। भंडारे में भोजन करने वाले सभी लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार अन्न दान करते हैं और इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार अन्न दान को महादान माना गया है। इसलिए भंडारे के माध्यम से लोग गरीब और जरूरतमंदों को भोजन कराते हैं, जिससे शरीर और आत्मा दोनों को संतुष्टि मिलती है। डॉ चौधरी ने यह भी कहा कि भंडारे की यह परंपरा न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक महत्व भी रखती है, जिसमें सभी वर्गों के लोगों को एक साथ लाती है और समाज में समानता और भाईचारे का संदेश देती है।

### दशहरा मिलन समारोह में पेश की गई गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल

**भवनाथपुर।** दशहरा पर्व के अवसर पर शनिवार को प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत निवासी सह कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम ने अपने आवास पर दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमे हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगो ने शामिल होकर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश की। मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के गढ़वा जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम ने कहा कि दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक माना जाता है। मिलन समारोह का आयोजन कर अरसली उतरी में आपसी भाईचारे का संदेश देने का कार्य कर रहा हूं, ताकि गांव के सभी समुदाय के लोग किसी भी पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मनाते हुए लोगो के बीच अमन चैन का संदेश दे। वहीं अरसली दक्षिणी के मुखिया प्रतिनिधि सोनाकिशोर यादव ने कहा कि आज गौरव की बात है कि हमारे पंचायत के छोटे भाई खुर्शीद आलम को कांग्रेस के अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस गांव में कभी भी आपसी तनाव हुआ है, तो गांव के दोनो समुदाय के प्रबुद्धजन आपस में बैठक कर ही मामला का पटाक्षेप कर लेते है। उन्होंने इस तरह की आयोजन का सराहना करते हुए गांव के लोगो से आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जय राम पासवान ने किया।

### करंट से अधेड़ की मौत

**धुरकी/सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के सेंधा गांव में खेत किनारे अवैध बिजली तार में फंसकर अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के श्री बंशीधर नगर थाना के बहियार कला निवासी नाजिम रसूल अपने बेटी के घर एक सप्ताह पूर्व आया था। वह सुबह शौच के लिए खेत की तरफ गया था। घर लौटने के क्रम में सेंधा गांव निवासी इमामुदीन अंसारी के द्वारा अपने खेत की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से बिजली का तार लकड़ी के खुटा के सहारे पूरे धान खेत में लगाया था इसी लाइन चलित बिजली के तार में उलझ गया जिसकी मृत्यु घटनास्थल पर हो गई। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर धुरकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। घटना के संबंध में धुरकी थाना के एसआई सैलेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध रूप से लगाया गया बिजली तार के कारण उक्त की जान चली गई है इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पाकिस्तान के कुर्रम में झड़प, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुयी झड़प में दो महिलाओं और एक बच्चे सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। शनिवार को सुबह मकबल आदिवासियों की ओर से गोलीबारी किये जाने के बाद लड़ाई हुयी।

## आगरा एक्सप्रेस-वे पर हादसे में तीन की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक से टक्कर होने पर कार में सवार दो विदेशी युवतियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए।

## असम व भूटान के कई हिस्से में भूकंप के झटके

**गुवाहाटी।** रविवार को असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास जमीन के 15 किमी की गहराई में था।

# हरियाणा में भाजपा विधायक दल की बैठक 16 अक्टूबर को

### दशहरा ग्राउंड में होगा शपथ ग्रहण, पीएम होंगे शामिल

## फिर नायब सैनी को नेता चुना जाना तय, 17 को लेंगे शपथ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा बीजेपी दल की बैठक 16 अक्टूबर को होगी। बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी का एक बार फिर विधायक दल का नेता चुना जाना तय माना जा रहा है। बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में हरियाणा भाजपा विधायकों की बैठक होगी। हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने सभी विधायकों को 16 और 17 अक्टूबर को चंडीगढ़ में रहने के निर्देश दिए हैं। 17 अक्टूबर को नायब सैनी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं, इससे पहले बताया जा रहा था कि नायब सैनी मुख्यमंत्री



पद की शपथ 12 अक्टूबर दशहरा के दिन लेंगे। लेकिन शपथ ग्रहण की तारीख में बदलाव कर दिया गया है। अब नायब सैनी 17 अक्टूबर को शपथ लेंगे। हरियाणा की नई नायब सरकार का शपथ ग्रहण समारोह अब परेड ग्राउंड में ना होकर दशहरा ग्राउंड में होगा।

भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद संजय भाटिया भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता और कृष्ण बेदी के साथ आज निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं बड़ी तेजी से चल रही हैं। लोगों के बैठने, गाड़ियां पार्क करने और खाने-पीने की व्यवस्था भी की जा रही है। 17 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि दशहरा ग्राउंड में लोगों के अधिक बैठने की व्यवस्था होने के चलते स्थान परिवर्तित किया गया है। भव्य स्टेज तैयार किया जा रहा है। सेक्टर 5 दशहरा ग्राउंड में मुख्यमंत्री के रूप में नायक सिंह सैनी सहित अन्य मंत्री शपथ ग्रहण करेंगे। इसी ग्राउंड से वर्ष 2014 में मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी। अब नायब सिंह सैनी दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं।

### अमित शाह और मोहन यादव बने पर्यवेक्षक

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा विधानसभा में विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाने का मौका मिला है। पार्टी ने इस बार का चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ा था। सोलंकी पार्टी के अंदर अब मुख्यमंत्री पद के लिए कुछ दावेदार सामने आए हैं । वहीं जम्मू कश्मीर के लिए विधायक दल के नेता के लिए पार्टी संसदीय बोर्ड में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और महामंत्री तरुण चौक को केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर चुना है।

## मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, दो गिरफ्तार

एजेंसी



**मुंबई।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बाबा सिद्दीकी पर यह फायरिंग मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में हुई। बताया जा रहा है कि उन पर दो से तीन राउंड फायरिंग की गई, जिसमें उन्हें तीन गोलियां लगीं। फायरिंग के बाद बाबा सिद्दीकी को तुरंत लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपितों में से एक गुरमेल बलजीत सिंह (23) को कोर्ट ने रविवार को 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। दूसरे आरोपित धर्मराज राजेश कश्यप (उम्र 19) ने कोर्ट में खुद को नाबालिग बताया है, इसलिए उसकी सही उम्र की जांच करने का आदेश कोर्ट ने पुलिस को दिया है। मुंबई पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में चार आरोपित शामिल थे, जिनमें से दो को पुलिस ने दो पिस्तौल और 28 कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है, जबकि शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा (20) और मोहम्मद जीशान अख्तर फरार हैं।

### बिश्नोई गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी

कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई झगड़ा नहीं चाहते थे लेकिन बाबा की हत्या की वजह उनका दाऊद इब्राहिम और अनुज थापन के साथ जुड़ाव था। बिश्नोई गैंग की तरफ किए गए पोस्ट में कहा गया है, जीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। किया वही सत्कर्म था, जो निभाया मित्रता का धर्म था।

# सात कंपनियों के मार्केट कैप में 1.22 लाख करोड़ की गिरावट

एजेंसी

### शेयर समीक्षा

**टीसीएस का 35,638 करोड़ और रिलायंस का 21,351 करोड़ रुपये मार्केट कैप घटा**

**नयी दिल्ली।** सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में करीब 1.22 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। मार्केट कैप में गिरावट होने के मामले में सबसे अधिक नुकसान टीसीएस को हुआ। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में टीसीएस का मार्केट कैप 35,638.16 करोड़ रुपये घट कर 15,01,723.41 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 21,351.71 करोड़ रुपये घट कर 18,55,366.53 करोड़ रुपये हो गया। इस सप्ताह मार्केट कैप में गिरावट का सामना करने वाली तीसरी कंपनी आईटीसी रही। आईटीसी का मार्केट कैप 18,761.40 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,10,933.66 करोड़ रुपये रह गया। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,047.71 करोड़ रुपये कम होकर 6,53,315.60 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम का मार्केट कैप 13,946.62 करोड़ रुपये घट कर 6,00,179.03 करोड़ रुपये,



आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,363.35 करोड़ रुपये घट कर 8,61,696.24 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,998.16 करोड़ रुपये कम होकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का मार्केट कैप 26,330.84 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,60,435.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंफोसिस का मार्केट कैप 6,913.33 करोड़ बढ़ कर 8,03,440.41 करोड़ के स्तर पर और एसबीआई का मार्केट कैप 3,034.36 करोड़ बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,55,366.53 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। टीसीएस (मार्केट कैप 15,01,723.41 करोड़), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,59,269.19 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,60,435.16 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,61,696.24 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 8,03,440.41 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,13,968.95 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 6,53,315.60 करोड़ रुपये) पर बने रहे।

### कंपनियों के तिमाही नतीजे का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। मध्य-पश्चिम संघर्ष को लेकर विश्व बाजार के कमजोर रुख के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के जारी होने वाले परिणाम का असर रहेगा।

# उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर लागू होगा यूसीसी : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**चंपावत।** मुख्यमंत्री ने रविवार को दशहरा महोत्सव में कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समान नागरिकता संहिता (यूसीसी) कानून को लागू किया जाएगा। हमारी सरकार राज्य से पलायन को कम करने के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। इसी के तहत राज्य स्थापना दिवस से पूर्व प्रवासी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान आओ अपने गांव वापस आओ और अपने उत्तराखंड के विकास में सहयोग करने की अपील की जाएगी। तामली, (तल्लादेश) चंपावत में आयोजित दशहरा



महोत्सव को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबोधित करते हुए यह बातें कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में रोजगार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उत्तराखंड में अपराध करने वाले बाहरी लोगों के लिए यह भूमि नहीं है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समान नागरिकता संहिता (यूसीसी) कानून लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के दो दिन पूर्व प्रवासी उत्तराखंडियों को उत्तराखंड बुलाने के लिए एक सम्मेलन का आयोजन करेंगे। सम्मेलन में अपील की करेंगे कि आओ अपने गांव वापस आओ और अपने उत्तराखंड के विकास में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के पारिवारिक, सामाजिक जीवन शैली को अपनाना चाहिए।

